
26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 20 मार्च, 2026
अंक- 145 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20




# एकेटीयू बनेगा टेक्नोलॉजी हब

## एआई और स्पेस समेत 4 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को मिली हरी झंडी

**लखनऊ( एजेंसी/चिंगारी )।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में गुरुवार को सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठक में इस बार का बजट तकनीकी बदलाव की दिशा में बड़ा कदम बनकर सामने आया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1187.62 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी देते हुए विश्वविद्यालय ने नई पीढ़ी की तकनीकों पर स्पष्ट फोकस किया है।

विवि के कुलपति प्रो. जेपी.पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक के दौरान सबसे महत्वपूर्ण निर्णय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए 150 करोड़ रुपये के निवेश का है। विश्वविद्यालय परिसर में बनने वाला एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हब एंड स्पोक मॉडल पर विकसित होगा, जिसके जरिए स्टार्टअप, शोध, नवाचार और स्किल डेवलपमेंट को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा जाएगा। यह पहल प्रदेश में एआई इकोसिस्टम को गति देने की दिशा में अहम मानी जा रही है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने आईओएस, स्पेस टेक्नोलॉजी और साइबर फॉरेंसिक जैसे उभरते क्षेत्रों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का निर्णय लिया है। आईओएस सेंटर के माध्यम से छात्रों को ऐप डेवलपमेंट, मशीन लर्निंग और क्रिएटिव कंप्यूटिंग का प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे वे सीधे इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सकेंगे। वित्त समिति के निर्णय से स्पेस टेक्नोलॉजी सेंटर के जरिए सैटेलाइट सिस्टम, रॉकेटरी और रिमोट सेंसिंग जैसे क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।






हिन्दू समाज के सम्मानित भाइयों, बहनों, बुजुर्गों, युवाओं को

## हिन्दू नववर्ष-चैत्रीय नवरात्रि

की हार्दिक शुभकामनाएं

एवं अहले वतन खासकर ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी की काबिल-ए-अहतराम अवाम को

# ईद-उल-फ़ित्र

की दिली मुबारकबाद

मिनजानिब- **अनवर ठेकेदार**

( डेयरी वाले )

प्रधान पद प्रत्याशी- ग्रा.पं. कासमपुर गढ़ी





सम्मानित उपभोक्ताओं समेत सभी क्षेत्रवासियों को

## चैत्रीय नवरात्र-नवसंवत्सर

## एवं ईद-उल-फ़ित्र

की हार्दिक शुभकामनाएं/दिली मुबारकबाद



**ज़ाकिर हुसैन**
ब्रांच मैनेजर
मानियावाला



**फ़िरासतुल्ला नम्बरदार**
मैनेजर जनरल
मुख्यालय अफजलगढ़



**शहज़ाद आलम एड.**
मैनेजर

**मुस्लिम इमदादी सोसायटी (मुस्लिम फंड) अफजलगढ़**

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी सम्वत 2083 भारतीय नववर्ष (नवसंवत्सर) की सभी देशवासियों, जनपदवासियों व शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं




# Jeevan Jyoti

## Multi Speciality Hospital and Trauma Center

**डॉ मोहित चौधरी**
जनरल फिजिशियन (BAMS)
चेयरमैन एण्ड फाउंडर जीवन ज्योति मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर

**डॉ उदित चौधरी**
(MBBS, MS)
(KGMC Lucknow)
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

**डॉ रेनू चौधरी**
(MBBS, MD)
(SGPGI Lucknow)
नवजात शिशु, बाल एवं किशोर रोग विशेषज्ञ

**डॉ अमित सरोहा**
(MBBS, MD)
(AIIMS Rishikesh)
रेडियोलॉजिस्ट

**डॉ योगीता चौधरी**
(BSc, BAMS)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

**डॉ कौशिक कुमार**
(MBBS, MS)
आर्थोपेडिक सर्जन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ

**डॉ अमित सरोहा**
(MBBS, MS)
ऑर्थोपेडिक सर्जन

24/7 EMERGENCY SERVICES

+91 9837912646

Add:- Opposite Gulab Singh Degree College, Noorpur Road, Chandpur (Bijnor-246725)

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 20 मार्च, 2026


# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किये प्रेमानंद महाराज के दर्शन, आध्यात्मिक उपदेशों से हुईं अभिभूत



**मथुरा ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने मथुरा दौरे के दूसरे दिन आज वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित श्री हित राधा केली कुंज आश्रम पहुँचीं। यहाँ उन्होंने प्रख्यात संत श्री प्रेमानंद महाराज जी से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम पहुंचने पर राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत, उन्होंने पूज्य महाराज जी के साथ एकांत में वार्तालाप किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने महाराज जी के द्वारा दिए जा रहे सत्संग और मानवता के कल्याण के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति ने महाराज जी के उपदेशों और प्रवचनों को अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने महाराज जी से भक्ति मार्ग, मानसिक शांति और सेवा भाव जैसे विषयों पर चर्चा की। भेंट के दौरान राष्ट्रपति जी की सादगी और महाराज जी के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा स्पष्ट दिखाई दी। महाराज जी ने राष्ट्रपति को श्री राधा नाम की महिमा और निस्वार्थ कर्म के महत्व के बारे में बताया। पूज्य प्रेमानंद महाराज, जो अपने प्रखर विचारों और राधा वल्लभ संप्रदाय की भक्ति परंपरा के लिए विश्वभर में जाने जाते हैं।


## बिकाऊ है

तीन दुकानें 10X33 फीट फर्स्ट फ्लोर, एक हॉल 20X30 फीट एवं 400 वर्ग गज प्लॉट, नेहरु स्टेडियम के सामने, पार्वती निवास, चैतन्य कॉम्पलैक्स में बिकाऊ है।

सम्पर्क करें- 6395709896, 9412714583

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

We Are Hiring

PGT (ALL SUBJECTS)

TGT (ALL SUBJECTS)

PRT (ALL SUBJECTS)

P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है।

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ

( श्याम बाबा ) के दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर

मो. 9927652453

भारत ब्रुश इंटरनेशनल की ओर से सभी को खुशियों के त्योहार

ईद उल फ़ितर



के मुबारक मौके पर

दिली मुबारकबाद

- मिनजानिब -

महफ़ूज़ अहमद

भारत ब्रुश इंटरनेशनल

मौहल्ला- तराई, शेरकोट ( बिजनौर )

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

सभी नगरवासियों एवं वार्डवासियों को खुशियों के त्योहार

ईद-उल-फ़ितर

की दिली मुबारकबाद





-मिनजानिब-

सलीम अहमद उर्फ चन्दन भाई

सभासद वार्ड नंबर-20

मौहल्ला काजियान, शेरकोट

**भली लगे या बुरी ...**

## बढ़ता युद्धोन्माद

रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग से जहां यूक्रेन और रूस के लाखों सैनिक व नागरिक मारे गए हैं, वहीं लाखों यूक्रेनियों को विस्थापन का शिकार होना पड़ा है। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि एक समय की महाशक्ति रही सोवियत संघ की राजधानी मास्को तथा अन्य शहरों को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऐसे आक्रमणों और विनाश का सामना करना पड़ेगा। विडंबना है कि दुनिया भर में फैल रही युद्धों की भयानक त्रासदी के खिलाफ पूरी दुनिया की जनता की आवाज नहीं उठ रही है, बल्कि 'राष्ट्रवाद', 'अंध-राष्ट्रवाद', 'नस्लवाद', 'इस्लामोफोबिया' आदि कारणों से जनता के बड़े हिस्से में युद्धोन्माद बढ़ता जा रहा है। दुनिया भर में जारी युद्धों के चलते विभिन्न देशों की हथियार निर्माता कंपनियां भारी मुनाफा कमा रही हैं तथा विभिन्न देशों के टीवी चैनल व अन्य ऑनलाइन मीडिया अनेक प्रकार के हथियारों व हथियार प्रणालियों के बारे में लगातार प्रचार कर उनकी बिक्री के लिए परोक्ष रूप से युद्ध भड़काने में लगे हैं। विडंबना है कि एक समय सोवियत संघ व अमेरिका के बीच नाभिकीय आयुधों पर लगाम लगाने वाली संधियों को कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया है। सबसे पहले रूस, फिर अमेरिका और अब फ्रांस ने नाभिकीय हथियारों का भंडार बढ़ाने की घोषणा कर दी है। चीन भी इस दौड़ में किसी से पीछे नहीं है और दुनिया की यह दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तेज 'सैन्यीकरण' की ओर बढ़ रही है। इन परिस्थितियों में भारत को भी मजबूरी में अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए रक्षा बजट पर भारी खर्च करना पड़ रहा है। हाल ही में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि दुनिया आज असामान्य स्थितियों को शिकार हो गई है और विडंबना है कि यह असामान्य स्थिति 'न्यू नार्मल' बनती जा रही है। इस्राइल ने बार-बार आरोप लगाया है कि हमास व अन्य आतंकी संगठनों ने नागरिक बस्तियों में अपने अड्डे बना रखे थे, अतः उन पर हमलों में नागरिक भी मारे गए। लेकिन कार्रवाई को उचित ठहराने वाले तर्कों के बजाय दुनिया भर के स्तर पर 'जेनेवा समझौते' की भावना पुनर्जीवित करने तथा उसे जमीनी स्तर पर लागू कराने की आवश्यकता है।

# महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का धर्मस्वातंत्र्य विधेयक समर्थन हिंदुत्व की घर वापसी का संकेत

**त-संजय सक्सेना**

लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार

मो.-9454105568, 8299050585

महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर से उस पुरानी विचारधारा की छाप उभर रही है, जिसने सदियों से इस भूमि को अपनी पहचान दी है। शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे ने विधानसभा में पेश हुए धर्मस्वातंत्र्य विधेयक को पूर्ण समर्थन देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि जबरदस्ती या लालच के आधार पर होने वाले धर्म परिवर्तन के खिलाफ उनका रुख अडिग है। यह समर्थन महज एक विधेयक की मंजूरी तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके राजनीतिक सफर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो रहा है। पांच साल पहले जब उन्होंने सत्ता की खातिर दशकों पुरानी सहयोगी भाजपा को छोड़कर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब कई लोगों ने इसे उनकी विचारधारा से समझौता मान लिया था। लेकिन अब जब विधेयक पास हो चुका है और उद्धव ठाकरे ने विधानसभा परिसर के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि धर्म स्वातंत्र्य तो हर किसी को होना चाहिए, पर फरेब या दबाव से धर्म बदलवाने का विरोध करेंगे, तब लगता है कि वे अपनी जड़ों की ओर लौट रहे हैं। यह बदलाव अचानक नहीं आया है। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने तो उनकी सरकार में कई ऐसे फैसले आए, जिनसे उनके पारंपरिक हिंदू मतदाता नाराज हो गए। पालघर में साधुओं की हत्या का मामला हो या सावरकर जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के साथ तालमेल तो उद्धव की चुप्पी ने उनके कैडर में असमंजस पैदा कर दिया। उस समय मुस्लिम वोटरों की स्वीकार्यता बढ़ी जरूर, लेकिन शिवसेना की मूल हिंदुत्ववादी छवि धुंधली पड़ती गई। फिर 2022 में पार्टी में फूट पड़ी, जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बहुसंख्यक विधायक अलग हो गए और उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई। उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) तब विपक्ष में चली गई और महाविकास आघाड़ी के सहारे टिकी रही। लेकिन हाल के विधानसभा चुनावों ने उन्हें सच्चाई का आईना दिखा दिया। पार्टी दो फाड़ होने के बावजूद चुनावी मैदान में बुरी तरह हार गई और मुस्लिम वोटों के भरोसे पुरानी जमीन बचाने का सपना चूर-चूर हो गया। अब अस्तित्व का संकट सामने है तो उद्धव को फिर से बाल ठाकरे की उस विचारधारा की याद आई है जिस पर शिवसेना की नींव पड़ी थी। धर्मस्वातंत्र्य विधेयक महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है जो राज्य में अवैध धर्मांतरण पर सख्त लगाम लगाने का प्रयास करता है। विधेयक में जबरदस्ती लालच, धोखा, भ्रम, प्रलोभन या



किसी की मजबूरी का फायदा उठाकर किए गए धर्म परिवर्तन को अवैध माना गया है। नाबालिगों के मामले में तो प्रावधान और भी सख्त हैं। अगर शादी के नाम पर धर्म परिवर्तन करवाया गया तो वह शादी भी रद्द मानी जाएगी और बच्चों का धर्म माता-पिता के मूल धर्म के आधार पर तय होगा। कोई व्यक्ति धर्म बदलना चाहे तो उसे कम से कम साठ दिन पहले जिला अधिकारी को सूचना देनी होगी। पुलिस स्वतंत्र रूप से कार्रवाई कर सकती है और एफआईआर किसी भी रिश्तेदार, माता-पिता, भाई-बहन या खून के रिश्तेदार द्वारा दी जा सकती है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि सबूत का बोझ आरोपी पर है उसे साबित करना होगा कि धर्मांतरण वैध था। सजा भी कड़ी है, सात साल तक की जेल और एक लाख रुपये का जुर्माना, जबकि सामूहिक धर्मांतरण पर पांच लाख तक का जुर्माना और दोबारा अपराध पर दस साल तक की सजा का प्रावधान है। यह विधेयक महज कानून नहीं, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना को बचाने का एक प्रयास है।

उद्धव ठाकरे का इस विधेयक को समर्थन देना महाराष्ट्र की राजनीति में एक दुर्लभ एकता का दृश्य प्रस्तुत करता है। महाविकास आघाड़ी के सहयोगी कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने विधेयक को असंवैधानिक और एकपक्षीय बताया है, लेकिन उद्धव ठाकरे ने अलग रास्ता चुना। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर धर्म को स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, पर जबरदस्ती या लालच से धर्म बदलवाना गलत है। यह रुख उनके लिए आसान नहीं था क्योंकि इससे उनके गठबंधन में दरार साफ दिख रही है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है बल्कि अवैध गतिविधियों को रोकने का माध्यम है। विधेयक पास होने के बाद अब विधान परिषद में चर्चा होगी और अगर वहां भी यह पारित हो गया तो महाराष्ट्र उन राज्यों की सूची में शामिल हो जाएगा जहां ऐसे कानून पहले से लागू हैं। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मध्य प्रदेश गुजरात कर्नाटक और हरियाणा जैसे राज्यों में पहले ही सख्त प्रावधान हैं और इनके अनुभव से महाराष्ट्र सरकार ने भी सबक लिया है।

यह समर्थन उद्धव ठाकरे की राजनीतिक मजबूरी को भी उजागर करता है। पिछले चुनावों में हार के बाद उनकी पार्टी को अपनी मूल पहचान वापस हासिल करने की जरूरत है। हिंदुत्व के बिना शिवसेना की कल्पना मुश्किल है और उद्धव जानते हैं कि मुस्लिम वोटों पर अकेले भरोसा करके वे अपनी पारंपरिक हिंदू वोट बैंक को नहीं लौटा सकते। इसलिए यह घर वापसी उन्हें अपनी खोई हुई साख बचाने का मौका दे रही है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह समर्थन केवल चुनावी रणनीति है या वास्तविक विचारधारा का पुनरागमन। जब वक्फ संशोधन विधेयक की बात आई तो उद्धव की पार्टी ने इसका विरोध किया था और तब एकनाथ शिंदे ने उन्हें ओवैसी की भाषा बोलने का आरोप लगाया था। अब उसी उद्धव का इस विधेयक पर समर्थन देखकर लगता है कि सत्ता की भूख और अस्तित्व के दबाव ने उन्हें पुरानी राह पर ला खड़ा किया है।

# पति-पत्नी संस्कार और भक्ति पर भी ध्यान देंगे तो उनकी संतान संस्कारी बन सकती है

**प्रेरक-प्रसंग**

ब्रह्मा जी सृष्टि की रचना करना चाहते थे यानी मनुष्यों को जन्म देना था। ब्रह्मा जी ने अपने मानस पुत्र महर्षि अत्रि से कहा, अब ये दायित्व आपका है। ब्रह्मा जी की बात सुनकर महर्षि अत्रि अपनी पत्नी अनसूया के साथ ऋष्य नाम के पर्वत पर तपस्या करने पहुंचे। ब्रह्मा जी ने अत्रि से कहा था कि आप संतान को जन्म दें, लेकिन इससे पहले अत्रि और अनसूया ने तपस्या करना शुरू कर दी। प्राणायाम से अपने मन को नियंत्रित करके घोर तप किया। वे प्रार्थना कर रहे थे कि इस जगत का जो भी ईश्वर है, मैं उनकी शरण में हूं। वे ईश्वर अपनी ही संतान या अपने जैसी संतान मुझे प्रदान करें। तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा, विष्णु और शिव जी अत्रि मुनि के सामने प्रकट हुए। तीनों देवताओं ने कहा अत्रि जी हम आपकी तपस्या से प्रसन्न हैं। अत्रि जी ने पूछा आप लोग कौन हैं? तीनों देवताओं ने परिचय दिया तो अत्रि जी बोले मैंने तो एक ही ईश्वर को याद किया था। आप तो तीनों चले आए हैं। देवताओं ने कहा, आपने इस संसार के जगदीश्वर को याद किया है, हम तीनों ही इस संसार का निर्माण, पालन और संहार करते हैं। इस वजह से हम तीनों को आना पड़ा। तीनों ने आशीर्वाद दिया कि हम तीनों तुम्हारे यहां संतान के रूप में जन्म लेंगे।

# अंकेक्षक के रूप में नियुक्ति से प्रधानाचार्य क्षुब्ध

## ड्यूटी को ऐच्छिक करने की मांग की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में प्रधानाचार्यो की अंकेक्षक में नियुक्ति किए जाने से उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बोर्ड के इस फैसले से आक्रोशित एवं क्षुब्ध है। इस संबंध में प्रधानाचार्य परिषद बिजनौर द्वारा शिक्षा निदेशक को संबोधित एक ज्ञापन सह जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपकर ड्यूटी को ऐच्छिक करने की मांग की गई है।

गौरतलब है कि 18 मार्च से प्रदेश में यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। इस बार बोर्ड द्वारा मूल्यांकन कार्य में प्रधानाचार्यो को परीक्षकों द्वारा जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं के अंकेक्षक कार्य में नियुक्त किया गया है। अंकेक्षक कार्य में प्रधानाचार्यो को नियुक्त किए जाने से उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद आक्रोषित है। इसके विरोध में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद शाखा बिजनौर द्वारा गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक को संबोधित एक ज्ञापन सह जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर को दिया गया है, जिसमें प्रधानाचार्यो की अंकेक्षक के रूप में लगाई गई ड्यूटी के आदेश को संशोधित कर ऐच्छिक करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालो में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बिजनौर के अध्यक्ष डा. इंद्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. होरी सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिंह, महामंत्री प्रशांत कुमार, कोषाध्यक्ष डा. हरीश राजपूत, प्रचार मंत्री मुकेश कुमार, सदस्य राजीव कुमार, रामवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



सह जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देते प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी

### नाराजगी का कारण

अंकेक्षक कार्य में प्रधानाचार्यो को नियुक्त किए जाने से उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की नाराजगी का उल्लेखनीय कारण यह है कि बोर्ड की हाईस्कूल कक्षा की एक उत्तर पुस्तिका जांचने का पारिश्रमिक 14 रुपये, जबकि इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिका का 15 रुपये है। इसी प्रकार उपप्रधान परीक्षक को प्रतिदिन 400 रुपये पारिश्रमिक दिया जाता है। अंकेक्षक कार्य में प्रति उत्तर पुस्तिका का मात्र एक रुपया पारिश्रमिक दिया जाता है। बस इसी बात से उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद नाराज है। उनके पद के हिसाब से एक रुपया का पारिश्रमिक सम्मान योग्य नहीं है, जिसके चलते प्रधानाचार्य अभी मूल्यांकन केन्द्रों पर अंकेक्षक कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं।

# स्काउट-गाइड राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** आर.आर.पब्लिक स्कूल में 19 मार्च को स्काउट एवं गाइड राज्य पुरस्कार जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि कई वर्षों बाद यह शिविर जिला बिजनौर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, बृजेश कुमार (सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, मंडल मुरादाबाद) एवं उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह के आगमन एवं स्वागत के साथ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में अमित कुमार शुक्ला (सहायक परीक्षक, सिद्धार्थ नगर), श्रीमती नरवंत कौर (मुख्य परीक्षक, रामपुर) एवं श्रीमती गीता रानी (सहायक परीक्षक, शामली) उपस्थित रहे। स्काउट एवं गाइड छात्रों ने मार्च पास्ट, शपथ ग्रहण एवं मशाल मार्च के माध्यम से अनुशासन एवं एकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की सफलता में श्रीमती ऋतु रानी (जिला संगठन आयुक्त, गाइड), श्रीमती मीनू, श्री जीवन सिंह, श्री अजय सिंह, सुशांत मेहरा एवं नरेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



इस शिविर में आर.आर.पब्लिक स्कूल नूरपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर, आर.जे.पी. इंटर कॉलेज बिजनौर, कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर, श्री विदुर गुरु गृह इंटर कॉलेज विदुर कुटी (बिजनौर), स्वामी सच्चिदानंद स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुर खारी (बिजनौर) एवं एन.डी.के.वी. नजीबाबाद के स्काउट एवं गाइड प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।




सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद

**विवेक सेन**



सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
इफ्तार : सुन्नी 6:31, शिया 6:40


# खासपुरा की अवनि शर्मा का नवोदय विद्यालय में चयन

**खासपुरा ( चिंगारी )।** खासपुरा में स्थित जनता शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल की छात्रा का जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। अवनि शर्मा पुत्री पंकज कुमार शर्मा ने प्रवेश परीक्षा में 11वीं रैंक हासिल की। अवनि शर्मा की सफलता ने यह साबित किया कि स्पष्ट लक्ष्य और सच्ची मेहनत से सफलता निश्चित है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। विद्यालय के प्रबंधक गौरव कुमार शर्मा और प्रिंसिपल श्रीमती निर्देश शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने अवनि के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने इस उपलब्धि को विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। प्रबंधन का कहना है कि इन बच्चों की कामयाबी से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।



# विधायक ने आंगनबाड़ियों को वितरित की प्री-स्कूल किट

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित वि.खं. मुख्यालय परिसर के डबाकरा हाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट वितरित की। इस दौरान विधायक सुशांत सिंह ने प्रदेश व केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीर है। अपने संबोधन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) बिजनौर विमल चौबे ने बताया कि यह किट बाल विकास परियोजना के तहत बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने और उन्हें खेलने-सीखने के तरीके से शिक्षित करने के लिए दी जा रही है। इंचार्ज सीडीपीओ अफजलगढ़ अनीता चौहान का कहना है कि इस योजना के तहत अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में फिलहाल 109 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए यह प्री-स्कूल किट आई हैं, जिसमें कुर्सी, मैज, फोम मेट, बोर्ड आदि सामान शामिल है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार 'बबली' व अन्य अतिथियों सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।



किट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक सुशांत सिंह।

# कुट्टू के आटे की पूरी व पकौड़ी खाकर 10 लोग बीमार

मंडावली/नजीबाबाद। गुरुवार से चैत्र नवरात्र शुरू हुये हैं। पहले दिन ही कुट्टू के आटे की पूरी व पकौड़ी खाने से कई गांवों के 10 लोग बीमार हो गये। मंडावली क्षेत्र के ग्राम लाहक़ शाहपुरा, शेखपुरा आलम, सिकरोड़ा, राजपुर नवादा, हरेवली गांव के निवासी कविता, गीता, रीना, राधिका, कल्पना, शिवाय, वर्षा, रोहित, सत्यप्रकाश, प्रीति आदि ने नवरात्र के पहले उपवास के दौरान कुट्टू के आटे की पूरी व पकौड़ी खायी थीं, जिसके बाद से इन सभी को पेट में जलन और उल्टी की शिकायत होने लगी। इनके परिजनों ने मंडावली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया। मंडावली पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचकर



जानकारी की। सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नजीबाबाद नरेश कुमार हॉस्पिटल पहुंचे और बीमार लोगों से जानकारी की। बीमार लोगों ने बताया कि आटा नजीबाबाद से खरीदा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि नजीबाबाद के गांधी किराना स्टोर से कुट्टू का आटा खरीदे जाने की जानकारी मिली, जिस पर शेष आटा सीज कर दिया गया है। टीम के द्वारा बाजार में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उधर, जिलाधिकारी के आदेश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद के डॉ. गौरव गुप्ता ने आज ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली में पहुंचकर बीमार लोगों को देखा और उनसे जानकारी ली। डॉ. गौरव ने बताया कि रिपोर्ट जिलाधिकारी व सीएमओ को भेज दी गई है।

## हालत में सुधार

कुट्टू के आटे की पूरी व पकौड़ी खाने से सभी बीमार लोगों के पेट में जलन और उल्टी की परेशानी हुई है। उपचार के बाद से सभी बीमार लोगों की हालत में सुधार है।

**-डॉ. मनुज चौधरी, ओम चौधरी हॉस्पिटल, मंडावली**

## शेष आटा सीज किया

**कुट्टू के आटे की पूरी व पकौड़ी खाने के कारण मंडावली क्षेत्र के 10 लोग बीमार हुए हैं, जिनका उपचार चल रहा है। बीमार लोगों की शिकायत पर नजीबाबाद के गांधी किराना स्टोर से कुट्टू का आटा, हल्दी, मिर्च का नमूना जांच के लिए भेज दिया गया है। दुकान में शेष बचा कुट्टू का आटा सीज कर दिया गया है। पूरे जनपद बिजनौर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।**

-संजीव कुमार, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बिजनौर

# इस्लाम के अनुसार मनायें ईद उल फित्र का त्यौहारः अनवारुल हक



नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व मानवधिकार परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मौलाना अनवारुल हक ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि ईद उल फित्र इस्लाम धर्म के अनुसार एक पवित्र त्यौहार है, जो अल्लाह ने मुसलमानों को रमजान के रोजें व अन्य इबादत के बदले अता किया है। ईद खुशी तथा भाईचारा व मिलन का दिन है, हकीकत में सबसे बड़ी खुशी उन लोगों के लिए है, जिनकी इबादत अल्लाह कुबूल कर ले और उनसे राजी हो जाये, माफी का ऐलान कर दे। ईद के दिन करने वाले काम सुबह जल्दी उठना, गुस्ल करना, नमाज के लिए जाने से पहले स्नान करना, मिसवाक, दांत साफ करना, बेहतरीन लिबास उपलब्ध सबसे अच्छे (साफ) कपड़े पहनना, इत्र (खुशबू) लगाना, मर्दों के लिए खुशबू या इत्र का प्रयोग करना सुन्नत है। ईद-उल-फित्र नमाज से पहले कोई मीठी चीज या खजूर विषम संख्या में खाना, ईदगाह पैदल जाना, जाते समय एक रास्ते से जाना और लौटते समय दूसरे रास्ते से आना, ईदगाह जाते समय धीमी आवाज में तकबीरें पढ़ना, ईद की नमाज से पहले सदका-ए-फित्र अदा करना, अपने मां-बाप या किसी रिश्तेदार या अन्य किसी का दिल दुखाया हो तो उनसे बिना शर्त माफी मांगना, सदका करना, ईद उल फित्र पर न करने वाले काम, शोर शराबा ना करना, ईद के दिन रोजा रखना हराम है, मोटरसाइकिल या अन्य वाहन से उत्पात मचाना, गुस्सा करना, लड़ाई-झगड़ा करना, फिल्म देखना, ईद के दिन बड़ी संख्या में नौजवान सिनेमा घर जाते हैं जो कि नाजायज है, शराब पीना पिलाना यह काम ईद के अलावा भी करना सही नहीं है। उन्होंने सभी मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि ईद अमन, शांति व भाईचारे के साथ मनायें। मौलना ने इर्द के मौके पर ईदगाह व मस्जिदों के बाहर डयूटी करने वाले पुलिसकर्मियों व अधिकारियों के लिए उनके बैठने की व्यवथा करने की लोगों से विशेष अपील की। अगर वह घर जाने के लिए राजी हों तो अपने घर ले जाकर मीठा खिलाना व हिंदू, सिख व ईसाई भाइयों को भी अपने घर बुलाकर उन्हें अपनी ईद की खुशी में शामिल करने की अपील की।

## बारिश में अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

हल्दौर (चिंगारी)। पाक रमजान के आखिरी जुमे अलविदा जुमा की नमाज आज बारिश के मौसम के बीच मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। इस मौके पर नमाजियो की भारी भीड़ रही। आज अलविदा जुमे के दिन जुमे की नमाज में नगर की दोनों मस्जिदो मदीना जामा मस्जिद व मोती वाली मस्जिद में नमाजियो की भारी भीड़ रही। मदीना जामा मस्जिद में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई। मोती वाली मस्जिद में मस्जिद के इमाम मौलाना मुहम्मद इरशाद ने अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद दोनों मस्जिद के इमामो ने देश दुनिया में अमन, शांति, भाईचारा, सौहार्द, खुशहाली और तरक्की की दुआ कराई। नमाज के दौरान दोनों मस्जिदों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। नगर पालिका प्रशासन तरफ से पेयजल व साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था रही।

## ईदगाह पर ईद की नमाज आठ बजे होगी

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम रम्मनवाला स्थित ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज सुबह आठ बजे होगी। नगर के मौहल्ला पठानपुरा स्थित जामा मस्जिद पर ईद की नमाज सुबह पौने आठ बजे होगी। मस्जिद मकबरा नवाब नजीबुद्दौला पर ईद की नमाज सुबह 6.40 बजे होगी। मस्जिद कोल्हू वाली में ईद की नमाज सुबह साढ़े सात बजे होगी। कस्बा साहनपुर स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज सुबह सवा आठ बजे होगी।

## ईदुल फितर का त्यौहार प्रेम व भाईचारे के साथ मनायेंः अबरार आलम

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम भागूवाला निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं बसपा नेता अबरार आलम एड. ने कहा है कि ईदुल फितर का त्यौहार सभी लोग मिलजुल कर प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हुए मनायें। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सभी त्यौहार एक-दूसरे के पूरक होते है, त्यौहारों को प्रेम के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए ईद को पूरी तरह से भाईचारे के साथ मनायें। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से शासन-प्रशासन को सहयोग करने की अपील की।

## बारिश ईद की तैयारियों में बनी बाधा, बाजार ठंडे

नजीबाबाद (चिंगारी)। ईदुल फितर के दो दिन पहले से अचानक मौसम खराब होने के बाद गुरूवार से हो रही रिमझिम बारिश अलविदा जुमे को सुबह से ही तेज होकर बरसी, जिससे बाजारों में बारिश से कीचड़ व फिसलन पैदा हो गई। आज अलविदा जुमा व चांद रात होने के कारण सुबह से दुकानदारों को उम्मीद थी कि बाजारों में ग्राहकों की काफी भीड़ रहेगी तथा दुकानदारी अच्छी रहेगी मगर बारिश ने दुकानदारों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। साथ ही बारिश के कारण ग्रामीण के साथ शहरी क्षेत्रों के लोगों के भी बाजारों में न निकलने के कारण सुबह से ही बाजार ठंडे रहे। बारिश ईद की तैयारियों में बाधा बनने से लोग जरूरी सामानों की खरीदारी करने बाजार में नहीं आ पाए। बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया।






# सनातन संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान

## नवसंवत्सर पर महाराणा प्रताप वाटिका में हवन-पूजन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीर सेना द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 एवं हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप वाटिका बिजनौर में हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। तत्पश्चात राजपूत धर्मशाला, भरत विहार कॉलोनी, बिजनौर में आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति के अध्यक्ष शिवकुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं रवा राजपूत संघ के अध्यक्ष विनीत राजपूत के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में हरिद्वार से पधारे तीर्थ सेवा न्यास के अध्यक्ष तीर्थाचार्य रामविशाल दास जी महाराज तथा शाश्वत प्रवाह धर्म प्रचार-प्रसार संघ के संस्थापक संत शाश्वतानंद सरस्वती जी महाराज ने एकता के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज, शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा जी एवं स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके एवं चित्रों पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

विशिष्ट अतिथियों कुलदीप आचार्य, दीपक सोम, प्रदीप चौहान, नरपाल चौधरी, महेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, सिंधुराज सिंह, वीर सिंह, कविता राणा ने सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने का आहवान करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज अपनी पुरातन संस्कृति को छोड़कर पाश्चात्य संस्कृति को अपनाता जा रहा है। समाज अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक नववर्ष का उत्सव मनाता है और अपने नववर्ष को भूलता जा रहा है।

मुख्य अतिथि तीर्थाचार्य रामविशाल दास जी महाराज ने वीर सेना को समर्थन देते हुए कहा कि संत समाज वीर सेना के साथ है, जो कि सनातन को एकजुट करने का कार्य कर रही है। संस्थापक कुंवर रसिक चौहान ने कहा कि वीर सेना का गठन सनातन और भारतीय संस्कृति को मजबूत करने के लिये किया गया है। समाज एक उम्मीद के साथ हमसे जुड़ता है, इसलिये हमारा भी दायित्व बनता है कि अपने सभी कार्यकर्ताओं को हमेशा राष्ट्रहित और सनातन की मजबूती के लिये प्रेरित करते रहें और समाज को एकजुट करने का प्रयास करते रहें। वीर सेना किसी भी राजनैतिक पार्टी के लिये कार्य नहीं करेगी।

## ईओ व चेयरपर्सन पति ने किया ईदगाहों का निरीक्षण



**नहटौर ( चिंगारी )।** ईद उल फितर के मद्देनजर नहटौर नगर की ईदगाहों का निरीक्षण किया गया। पालिका अध्यक्षा पति मौ.जैद रशीद एवं अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने ईदगाह के साफ-सफाई व्यवस्था को देखा। मौ.जैद रशीद ने ईदगाह कमेटी के द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर ख़्वाजा जावेद आलम, नबील अहमद, नामित सभासद मोबीन अहमद, उमैर अख़्तर आदि उपस्थित रहे।




## चैत्रीय नवरात्र

### तृतीय चंद्रघंटा

21 मार्च 2026, शनिवार



चंद्रघंटा नवरात्रि के तीसरे दिन घंटे के कम्पन के समान मन की नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित कर भक्तों के भाग्य को समृद्ध करती हैं। असफल व्यक्ति प्राय: अपने मन में ही उलझा रहता है। इनके मस्तिक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र है। इनके दस हाथ हैं, जिनमें एक हाथ में कमल का फूल, दूसरे में कमंडल, तीसरे में त्रिशूल, चौथे में गदा, पांचवें में तलवार, छठे में धनुष और सातवें में बाण है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इस रूप को दूध या उससे बने पदार्थों का भोग लगायें।



डा. मनोज वर्मा

वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम

स्योहारा ( बिजनौर )

## ईद की नमाज कब, कहां ?

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नांगल में कब्रिस्तान के बीच स्थित निर्धारित मैदान पर ईद की नमाज़ सुबह 8.30 बजे अदा की जायेगी। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शादाब द्वारा ईद की नमाज़ अदा करायी जायेगी। समीपवर्ती ग्राम सैदपुरी की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मौ. नाजिम ने बताया कि गांव स्थित ईदगाह में ईद की नमाज़ सुबह 8 बजे अदा की जायेगी। सबलपुर बींतरा स्थित ईदगाह में ईद की नमाज़ सुबह 9.15 बजे जामा मस्जिद के इमाम कारी रिहान द्वारा अदा करायी जायेगी। दिनौड़ा स्थित ईदगाह में ईद की नमाज़ सुबह 9 बजे मौलाना फैजान द्वारा अदा करायी जायेगी।

# जन्मदिन पार्टी से लौट रहे परिवार की गाड़ी पर वनकर्मियों ने चलायी गोली

## रेंजर लगाते रहे माफ़ी की गुहार, मानने को तैयार नहीं है पीड़ित परिवार

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर लौट रहे एक परिवार उस समय सहम गया, जब उनकी कार पर वन विभाग की टीम ने बिना वजह फायर कर दिया। डरे-सहमे कार सवार परिवार ने डायल 112 व स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ नगीना फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार द्वारा थाना बढ़ापुर में तहरीर दिए जाने के बाद साहूवाला रेंज के रेंजर ने टीम के साथ पहुंचकर माफ करने की गुहार लगाई लेकिन पीड़ित परिवार राजी नहीं हुआ।

जानकारी के मुताबिक अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जमनपुर खेरीखाता निवासी वीर सिंह अपने परिवार के साथ अपने भांजे अनमोल पुत्र संदीप सिंह के जन्मदिन में शामिल होने के लिये बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव कुआखेड़ा आये थे। जन्मदिन मना कर रात को करीब साढ़े दस बजे वीर सिंह अपनी माता नरेंद्र कौर,पत्नी रजविंदर कौर, पुत्र नवदीप सिंह के साथ कार से वापस घर लौट रहे थे। बढ़ापुर थाना क्षेत्र में ग्राम भोगपुर स्थित आर्मी कॉन्वेंट स्कूल के पास बाइक सवार वन विभाग के दो कर्मचारियों ने उनकी कार के आगे बुलेट लगाकर गाड़ी रोक दी। दूसरी बाइक पर सवार दो कर्मचारियों ने गाड़ी की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच पड़ताल के बाद कार को ले जाने के लिये बोल दिया गया परन्तु जैसे ही वीर सिंह ने गाड़ी को आगे बढ़ाया तो उसी समय पीछे खड़े कर्मचारी ने हवाई फायर कर दिया। इसी बीच एक कर्मचारी ने उनकी कार पर भी फायर किया। गनीमत यह रही कि गोली गाड़ी के निचले हिस्से में लगी जिसके चलते बड़ी घटना होने से बच गई।

**बाल-बाल बचे, थाने में तहरीर दी**

वीर सिंह द्वारा मामले की गम्भीरता को देखते हुए तुरंत डायल 112 को फोन कर घटना की सूचना दी जिसके बाद डायल 112 सहित स्थानीय पुलिस की एक टीम व सीओ नगीना भी मौके पर पहुंच गये। परन्तु तब तक वन विभाग के कर्मचारी मौके से फरार हो चुके थे। वीर सिंह अपने रिश्तेदारों के साथ कल थाना बढ़ापुर पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत की। साहूवाला वन रेंज के रेंजर रामवृक्ष अपनी टीम के साथ थाना बढ़ापुर पहुंचे और वीर सिंह से माफी मांगते हुए समझौता करने का प्रयास करने लगे। सुबह से लेकर शाम तक वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वीर सिंह व उसके रिश्तेदार एवं परिवार वालों से लगातार माफी की गुहार लगाते रहे, परंतु पीड़ित परिवार किसी प्रकार का समझौता करने के लिए तैयार नहीं हुआ। हलका दरोगा विनोद कुमार द्वारा तहरीर मिलने की पुष्टि की गई है।


**सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद**



**ठाकुर मूलचंद चौहान**
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
इफ्तार : सुन्नी 6:31, शिया 6:40


# गला काटकर हत्या करने वाले तीन लोगों को आजीवन कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश ने गला काटकर हत्या करने वाले तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास और 75 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्री प्रमोद कुमार शर्मा के अनुसार नगीना देहात थानांतर्गत ग्राम रजपुरा निवासी सुनील कुमार पुत्र यादराम सिंह का भाई अनिल कुमार 26 जून 2020 को दिन में ग्यारह बजे एक फोन कॉल आने पर अपनी पत्नी मीनाक्षी से यह कहकर चला गया कि वह अभी आ रहा है, कुछ समय बाद उसका फोन बंद हो गया। काफी फोन किया और तलाश भी किया, लेकिन अनिल का कहीं पता नहीं चला। कुछ देर बाद अनिल का शव गांव के ही शफीक के खेत में पड़ा मिला। शव देखने के बाद पता चला कि किसी ने इसकी गला काटकर हत्या कर दी है। विवेचना में नगीना देहात निवासी ग्राम मेदपुरा निवासी कल्याण पुत्र यादराम, राजू उर्फ राजवीर पुत्र सर्वेश तथा अनुज कुमार उर्फ गोलू पुत्र घासीराम का नाम आया। इस मामले में पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। इस मामले में द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश श्रेय शुक्ला ने अपराध सिद्ध होने पर अनिल की हत्या में शामिल राजू उर्फ राजवीर, अनुज कुमार उर्फ गोलू, कल्याण को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 75 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# एसडीएम सदर ने किया गौशाला का निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार एसडीएम सदर रितु रानी ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार तथा नगरपालिका के अवर अभियंता निर्माण एवं सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी के साथ कान्हा गौस्थल बिजनौर का निरीक्षण किया। एक प्रेस विज्ञप्ति में एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गौस्थल में मौके पर 203 पशु पाये गये। चार अन्य पशु उपचाराधीन पाये गये। भूसा 25 कुंटल, हरा चारा 35 कुंटल पाया गया। एसडीएम के अनुसार गौशाला की स्थिति संतोषजनक पायी गई। उनके द्वारा अधिशासी अधिकारी को गौशाला में समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिये निर्देशित किया गया। इसके साथ ही एसडीएम सदर द्वारा अस्थायी गौआश्रय स्थल मुजफ्फरपुर केशो का भी निरीक्षण किया गया। वहां भूसा भण्डारण की छत टूटी पाई गई एवं भूसे की मात्रा में कम पायी गई। इस संबंध में नोटिस जारी किया गया। गौवंश के लिये स्वच्छ पानी, हरा चारा, सफाई व बिजली आदि की समुचित व्यवस्था के लिये निर्देशित किया गया।

## ईद की मुबारकबाद

चिंगारी के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, संवाददाताओं, आजीवन सदस्यों, एजेंटों/हॉकरों, संस्थानकर्मियों, सहयोगियों व शुभचिंतकों सहित सभी देशवासियों को ईद-उल-फित्र की दिली

## अवकाश सूचना

चिंगारी परिवार भी ईद की खुशियों में शरीक रहेगा। अतः ईद-उल-फित्र के उपलक्ष्य में 21 मार्च 2026, शनिवार को चिंगारी का प्रकाशन नहीं होगा। अगला अंक 22 मार्च, रविवार को मिलेगा। **-संपादक**

# उत्तराखंड में धामी कैबिनेट का हुआ विस्तार



## 5 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**इन विधायकों को धामी मंत्रिमंडल में मिली जगह**


- रुद्रप्रयाग विधानसभा सीट से विधायक भरत चौधरी
- रुड़की विधानसभा सीट से विधायक प्रदीप बत्रा
- हरिद्वार विधानसभा सीट से विधायक मदन कौशिक
- राजपुर विधानसभा सीट से विधायक खजान दास
- भीमताल विधानसभा सीट से विधायक राम सिंह कैड़ा

**देहरादून ( चिंगारी )।** धामी मंत्रिमंडल में पांच नये मंत्रियों की एंट्री हुई है। लोक भवन में आज नवनियुक्त कैबिनेट मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पांच विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। ऐसे में अब धामी मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। विधायक मदन कौशिक, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा और खजान दास को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई।

उत्तराखंड में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धामी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ है। मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए क्षेत्रीय, जातीय और महिला-युवा संतुलन साधने की कोशिश की है। दरअसल, साल 2022 में सरकार के गठन के बाद से ही मंत्रिमंडल के कई पद खाली चल रहे थे। समय-समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट होती रही है। ऐसे में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को चार साल पूरा होने से ठीक तीन दिन पहले मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया गया है।

बता दें साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। ऐसे में सरकार के गठन के साथ ही तीन मंत्रिमंडल के पद खाली चल रहे थे। लेकिन कुछ समय बाद ही यानी 26 अप्रैल 2023 को परिवहन मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद एक और मंत्रिमंडल का पद खाली हो गया। इसके साथ ही 16 मार्च 2025 में वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की ओर से दिए गए विवादित बयान के बाद उन्हें भी अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

# ईद और इंसानियत का पैग़ाम



**ईद को अक्सर नये कपड़ों, मीठी सेवइयों और खुशियों के त्यौहार के रूप में देखा जाता है, लेकिन अगर गहराई से समझा जाए तो ईद केवल जश्न का नाम नहीं, बल्कि इंसानियत का एक मजबूत पैगाम है। यह त्यौहार हमें याद दिलाता है कि असली खुशी सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के साथ बांटने में है।**

रमज़ान का महीना इंसान को भूख और प्यास के जरिए उन लोगों की तकलीफ का एहसास कराता है, जो रोज़मर्रा की जिंदगी में इन मुश्किलों का सामना करते हैं। यही एहसास ईद के दिन इंसानियत के रूप में सामने आता है। ज़कात और फ़ित्रा देना केवल एक रस्म नहीं, बल्कि समाज में बराबरी और सहानुभूति को बढ़ाने का तरीका है।

आज के समय में जब इंसान अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर दूसरों को भूल जाता है, ईद उसे रुककर सोचने का मौका देती है- क्या हमारे आस-पास कोई ऐसा तो नहीं जो हमारी थोड़ी सी मदद से खुश हो सकता है? ईद का असली मतलब यही है कि हम अपने दिलों को बड़ा करें और जरूरतमंदों को अपनी खुशियों में शामिल करें।

ईद हमें यह भी सिखाती है कि रिश्तों की अहमियत क्या होती है। गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाना, माफी मांगना और दिल से जुड़ना, यही इस त्यौहार की खूबसूरती है। यह केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता को मजबूत करने का जरिया है।

अगर ईद के दिन हमारे आसपास कोई भी व्यक्ति उदास या अकेला रह जाए, तो हमारी खुशियां अधूरी रह जाती हैं। इसलिए ईद का असली पैगाम यही है कि हम किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने की वजह बनें।

इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। जब तक हमारे दिलों में दूसरों के लिए दया, प्यार और सम्मान है, तभी तक ईद की असली रौनक बनी रहती है।

-मिस अली



## ऐ माह-ए-रमज़ान अलविदा!



ये सेहरी का मज़ा, वो इफ़्तार की ख़ुशबू,  
वो नमाज़ों का मज़ा, वो तहज्जुद की लज़्ज़तें  
वो रहमतों का नूर, वो बरकतों की सौगात,  
ऐ माह-ए-रमज़ान, अलविदा  
हर रात इबादत में जो सुकून मिलता था,  
वो सज्दों में लिपटा हुआ नूर मिलता था  
अब तन्हा सी लगती हैं ये रातें सभी,  
वो रब से गुफ़्तगू का मज़ा कहां मिलता था  
रोज़े की प्यास में भी एक मीठा सा एहसास था,  
हर लम्हा सब्र का जैसे कोई इनाम सा पास था  
अब फिर वही दुनिया के शोर में खो जाएंगे,  
वो ख़ामोशी का अपना ही एक अंदाज़ ख़ास था  
मस्जिद की तरफ बढ़ते हुए वो हल्का सा सुकून,  
हर क़दम पर महसूस होता था रहमत का जुनून  
अब फिर वही ग़फ़लत के अंधेरों का सफ़र,  
वो नूर भरी राहों का न रहा अब जुनून  
ऐ रमज़ान, तू गया तो दिल उदास रह गया,  
इबादत का हर रंग जैसे पास रह गया  
मिस हुसैन के लफ़्ज़ों में बस इतना सा है,  
तू था तो हर दिन भी एक ख़ास रह गया  
ये सेहरी का मज़ा, वो इफ़्तार की ख़ुशबू,  
वो नमाज़ों का सुकून, वो तहज्जुद की लज़्ज़तें  
वो सज्दों का नूर, वो बरकतों का हुजूम,  
अलविदा ऐ माह-ए-रमज़ान, अलविदा

-मिस हुसैन

## ..ईद का दिन है



भुला दो सब गिले शिकवे ख़ुदारा ईद का दिन है।  
करो ऐसे न तुम मुझसे किनारा ईद का दिन है  
नहीं हो तुम तो मेरी जिंदगी में कुछ नहीं बचता  
मेरे सजदों में, मेरी बन्दगी में कुछ नहीं बचता  
तुम्हारे हुस्न, मेरी आशिकी में कुछ नहीं बचता  
नज़र चाहे तुम्हारा ही नज़ारा ईद का दिन है  
करो ऐसे न तुम मुझसे किनारा ईद का दिन है  
गले लग जाओ ये दस्तूर भी है रस्मे दुनिया भी  
हमें इक साल में मिलता है ये रंगीन मौक़ा भी  
बड़ा दिल चस्प होता है मोहब्बत का ये रिश्ता भी  
समझ जाओ निगाहों का इशारा ईद का दिन है  
करो ऐसे न तुम मुझसे किनारा ईद का दिन है  
अंधेरा ही अंधेरा है तमन्नाओं की महफिल में  
कोई शम्मे वफा रख दो मेरे उजड़े हुये दिल में  
मेरी चाहत की दुनिया है तुम्हारे गाल के तिल में  
तुम्हारे बिन नहीं मेरा गुज़ारा ईद का दिन है  
करो ऐसे न तुम मुझसे किनारा ईद का दिन है  
तुम्हारी दीद की हसरत में मैं बेताब बैठा था  
वो तुम थे छत पे या मेरी नज़र ने चांद देखा था  
तुम्हारी याद थी दिल में मैं अपने घर में तन्हा था  
सदा सुन लो तुम्हें दिल ने पुकारा ईद का दिन है  
करो ऐसे न तुम मुझसे किनारा ईद का दिन है  
बरसते हैं तुम्हारी याद के बादल मेरे दिल पर  
न लहराया तुम्हारा रेशमी आंचल मेरे दिल पर  
उतर आया तुम्हारी आंख का काजल मेरे दिल पर  
तसव्वुर रही में आ जाओ ख़ुदारा ईद का दिन है  
करो ऐसे न तुम मुझसे किनारा ईद का दिन है  
जो होता ये पलकों पर चरागां देखते जाओ  
घड़ी भर को मेरा हाले-परेशां देखते जाओ  
जो उठता है मेरी सांसों में तूफां देखते जाओ  
न हो शायद कभी मिलना दुबारा ईद का दिन है  
करो ऐसे न तुम मुझसे किनारा ईद का दिन है  
बहारों का हसीं मौसम तुम्हें आवाज देता है  
ये पागल दिल मेरा हर दम तुम्हें आवाज देता है  
चले आओ कि मेरा ग़म तुम्हें आवाज़ देता है  
यकीं कर लो मेरा दिन है तुम्हारा ईद का दिन है  
करो ऐसे न तुम मुझसे किनारा ईद का दिन है

-शनावर किरतपुरी
मो. 9917444800



# सकुशल सम्पन्न हुआ दो दिवसीय फूलताल मेला



विधायक सुशांत सिंह का स्वागत करते हुए खेल सिंह राजपूत।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बुधवार की प्रात: से प्रारम्भ हुआ क्षेत्र का सुप्रसिद्ध श्री सत्यनारायण सिद्धबली आश्रम फूलताल मेला गुरुवार की देर शाम सकुशल संपन्न हुआ। क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने जिन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान 'बॉबी' की अध्यक्षता में आयोजित इस मेले के मुख्य पर्व का उदघाटन किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले भारतीय संस्कृति की धरोहर हैं।मेले में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना की। दर्शकों ने झूलों व हिंडोलों आदि में मेले का आनंद लिया और घरेलू सामान व खेल खिलौनों की खरीदारी की। सुरक्षा की दृष्टि से मेले में पुलिस बल तैनात रहा। मेला व्यवस्थापक/भाजपा (कि.मो.) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत सहित मेला प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने मेले की सकुशल संपन्नता पर सभी का आभार व्यक्त किया।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
इफ्तार : सुन्नी 6:31, शिया 6:40

# मिल-जुलकर मनायें त्यौहार नमाज न पढ़े ईदगाह के बाद



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने क्षेत्रवासियों से नवरात्रे, अलविदा जुमा व ईद उल फितर का त्योहार आपस में मिलकर जुलकर अमन चैन व भाईचारे के साथ मनाये जाने का आह्वान किया। थाना परिसर में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मुस्लिम समाज के लोगों से अलविदा जुमा व ईद-उल-फित्र की नमाज मस्जिद व ईदगाह के अन्दर ही अदा करने को कहा। इस अवसर पर नवागंतुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह,मुफ्ती मोहम्मद यासीन, प्रधान अली वारिस, प्रधान राजीव तोमर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाजपा के नवनियुक्त जिला मंत्री तिलकराज सैनी का स्वागत किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी बिजनौर के नवनियुक्त जिला मंत्री तिलकराज सैनी का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत बनाने के लिए मेहनत करने का आह्वान किया। गांव ककराला में पहुंचने पर जिला मंत्री तिलकराज सैनी का ढोल नगाड़ों बजाकर फूलमालाओं से ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे गांव और समाज के लिए गौरव का विषय है। इससे पूर्व हल्दौर रोड स्थित शिव विहार कॉलोनी में अपने आवास पर स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तिलक राज सैनी ने कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सोपी है। वह उसकी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार नीतियों का आम जन को लाभ मिला है। जिसके परिणाम स्वरुप आने वाले बंगाल प्रदेश आदि के चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस अवसर पर नेतराम सैनी,अरूण सैनी, ब्रजेश सैनी, करन सैनी, अन्नी त्यागी, विपुल चौधरी, पवन प्रजापति, शीशपाल, रितेश चौधरी, कल्याण सैनी, राकेश सैनी, मोनू सैनी, रोहन सैनी, विशाल सैनी, मोनू सैनी, आकाश सैनी, रवि सैनी, मनोज चिकारा पूर्व मंडल महामंत्री, रवि गोस्वामी, शीश पाल, नाहर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मंडल किरतपुर विधानसभा क्षेत्र नगीना, जनपद बिजनौर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर गोवर्धन बैंक्विट हॉल में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम सत्र का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गाकर राष्ट्रभक्ति की भावना व्यक्त की। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा एवं विकास यात्रा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उद्घाटन किया। दोनों दिन कुल सात सत्र आयोजित हुए, जिनमें संगठनात्मक कौशल, सरकार की उपलब्धियां, पार्टी की नीतियों एवं आगामी चुनौतियों पर गहन चर्चा हुई। द्वितीय दिन के समापन सत्र को पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय पार्षद डॉ. यशवंत सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। प्रशिक्षण देने वाले प्रमुख वक्ताओं में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक पद प्रत्याशी राजीव अग्रवाल (नजीबाबाद), क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर एडवोकेट, जिला महामंत्री नरेश भाटी, वरिष्ठ भाजपा वेद प्रकाश विश्वकर्मा, जिला सहसंयोजक आईटी विभाग पंडित गोपाल धीमान शामिल रहे। दोनों दिन के कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संयोजक सोशल मीडिया नगीना अनुज अग्रवाल ने किया। कार्यकर्ताओं के लिए रात्रि विश्राम एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। सत्र समापन पर एक ऑनलाइन परीक्षा भी आयोजित हुई, जिसमें सभी ने प्रतिभाग कर परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

## व्यवस्थाओं में इनका सहयोग रहा

**प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्था में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रजनी कालरा, मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर, नगर महामंत्री शिवम सिंघल, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ संयोजक राकेश साहनी, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष नवनीत राजपूत, सेक्टर संयोजक अमित अग्रवाल एडवोकेट, नगर मंत्री रामगोपाल एडवोकेट, नगर उपाध्यक्ष विकास चौहान, नगर कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, नगर उपाध्यक्ष विकास राजपूत ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।**

# नामित सभासदों को शपथ दिलाई



**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुरुवार को दोपहर बाद शासन की ओर से नगरपालिका परिषद चांदपुर में नामित किये गये सुधीर अग्रवाल, बाबू राम जोशी, जगदीश गिरि व श्रीमती संगीता सैनी अपने समर्थकों के साथ नगरपालिका कार्यालय पहुंचे, जहां उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया ने चारों नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पांचवें नामित सदस्य शैलेन्द्र कुमार बाहर होने के कारण शपथ ग्रहण नहीं कर सके। इस अवसर पर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी कुनाल रस्तोगी आईएएस, शेरबाज पठान, मौ. आदिल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक कुमार नेताजी, श्रीमती सुमन त्यागी, राकेश गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, पल्लव अग्रवाल, राजेन्द्र त्यागी, शारिक जिया, सभासद राकेश सैनी,नागरिक हाशमी, मंदीप चौधरी, विशाल शर्मा बल्ली, मौ. अशरफ, मौ. परवेज, ओमप्रकाश सैनी, प्रहलाद जोशी, संदीप कौशिक आदि मौजूद रहे।

# संभल में अलर्ट: ईद पर मिश्रित इलाकों में पुलिस-प्रशासन ने बढ़ाई चौकसी

## इस बार नहीं सजेगी जामा मस्जिद

**संभल ( चिंगारी )**। रमज़ान के अंतिम जुमे को अलविदा की नमाज आज, शुक्रवार को अदा की गई। शनिवार को ईद उल फितर मनाई जाएगी। इसके लिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। एहतियाती तौर पर चौकसी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाके में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। साथ ही मजिस्ट्रेट और भारी फोर्स तैनात किया गया। सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए डीएम और एसपी ने संभल शहर का निरीक्षण किया। इससे पहले बृहस्पतिवार की शाम डीएम और एसपी ने जनसंवाद कर शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की।

इस दौरान मुख्य मार्गों पर स्थित मस्जिदों के आसपास ड्रोन से निगरानी कराई गई। डीएम ने बताया कि संभल शहर में 19 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिले के प्रत्येक थाने पर एक मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारी सौंपी है। नई परंपरा नहीं डालने की हिदायत पीस कमेटी की बैठकों में दी जा चुकी है।

सार्वजनिक स्थानों पर कोई बाधा नहीं पहुंचाएगा। त्यौहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाए। किसी की भी अफ़वाह पर ध्यान नहीं देना है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि संवेदनशील इलाके में पूरी निगरानी रखी जाए। संभल की जामा मस्जिद को पिछले वर्ष की तरह सजाया नहीं जाएगा। इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली ने बताया कि जिला प्रशासन ने पुताई व रंगाई के लिए अनुमति इस बार रमजान से पहले मांगी थी, लेकिन अनुमति नहीं मिली। एएसआई से भी संपर्क किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसलिए इस बार पुताई भी नहीं हो सकी। सजावट भी नहीं की जाएगी। मालूम हो 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान विवाद हो गया था। जामा मस्जिद सर्वे का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पिछले वर्ष मस्जिद की पुताई व सजावट हाईकोर्ट के आदेश पर हुई थी।

**पुलिस के साथ पीएसी और आरआरएफ को एहतियाती तौर पर बरती जा रही चौकसी में लगाया गया है। संवेदनशील इलाके में ड्रोन कैमरों से निगरानी कराई जाएगी। सोशल मीडिया पर एक टीम निगरानी कर रही है। किसी ने अफ़वाह फैलाने या माहौल खराब करने का प्रयास किया तो सख्ती से निबटा जाएगा। त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए।**

-कृष्णकुमार विश्नोई, एसपी, संभल

## सनातन परंपरा के विरोधियों से दूरी बना रही है युवा पीढ़ी- योगी



**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लोग नये वर्ष पर परिवार के साथ मंदिरों में दर्शन-पूजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी उन स्थानों से दूरी बना रही है, जहां सनातन परंपरा के विरोध की गतिविधियां होती हैं। दरअसल, चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को द्रौपदी मुर्मु ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 'श्रीराम यंत्र' की विधिवत प्रतिष्ठापना की। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं और अयोध्या धाम की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरयू का पावन जल इस नगरी को निरंतर पवित्र करता है और यहां आयोजित धार्मिक अनुष्ठान रामराज्य की अनुभूति कराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अशांति का माहौल है, वहीं अयोध्या में इस प्रकार के आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के साक्षी बन रहे हैं, जब विश्व अशांत है, और यह हमारे लिए रामराज्य की अनुभूति का क्षण है।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन
ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

# दुकानों में हो रहा था कॉमर्शियल सिलेंडर का उपयोग, 4 जब्त किये

नगीना ( चिंगारी )। पूर्ति विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को छापामार कार्रवाई के दौरान तीन दुकानों पर घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग होने पर चार सिलेंडर जब्त कर लिए हैं।

इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध के चलते पिछले काफी दिनों पहले गैस एजेंसी द्वारा व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई पूरी तरह बंद कर दी गई थी। कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडर के प्रयोग होने की शिकायत मिलने के बाद पूर्ति विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद से जागे और बृहस्पतिवार को तीन दुकानों से चार घरेलू सिलेंडर बरामद कर लिये। पूर्ति निरीक्षक नीरज वर्मा ने बताया कि मोहल्ला पंजाबियान में स्थित दुपट्टे की रंगाई करने वाले जानी कुमार की दुकान से दो, दुपट्टे की रंगाई करने वाले दिलशाद की दुकान से एक व बड़े मंदिर के पास चाय की दुकान करने वाले अमित कुमार की दुकान से एक सिलेंडर बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि चारों सिलेंडर जब्त कर लिए गए हैं। उधर लोगों का कहना है कि पूर्ति विभाग ने छोटे दुकानदारों पर तो कार्रवाई कर दी, लेकिन बड़े प्रतिष्ठानों पर कोई कार्रवाई नहीं की। सवाल यह उठता है कि जब व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई कई दिनों से बंद है तो आखिर बड़े प्रतिष्ठान कैसे सुचारू रूप से गैस का इस्तेमाल कर रहे हैं।



दुकानों पर घरेलू सिलेंडर के इस्तेमाल पर कार्रवाई करते पूर्ति निरीक्षक।

# अजीम अहमद का जोरदार स्वागत किया



नगीना ( चिंगारी )। यूपीएससी 2025 की परीक्षा में 588 वीं रैंक पाने वाले ग्राम जट नंगला उर्फ गढ़ी निवासी अजीम अहमद का रिजल्ट आने के बाद पहली बार घर पहुंचने पर ग्रामीणों व परिजनों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इससे पहले अजीम अहमद का कोतवाली देहात में नसीम अहमद, रियासत अली व मुस्तकीम की टीम ने, ग्राम दौलताबाद में इसरार अहमद, फुरकान, इमरान अहमद की टीम ने व अकबराबाद में भी सलीम अहमद आदि ने ढोल नगाड़ों की थाप पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अपने गांव पहुंचने पर भी अजीम अहमद का परिजनों व ग्रामवासियों ने मिठाई खिलाकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर इदरीश अहमद, अनीश अहमद, जलीश अहमद, मुकीम अहमद, अनस अहमद, मोहम्मद अरहान, मोहम्मद खालिद, अजहर याकूब अहमद, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद शाकिर, सलीम अहमद, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने पर सम्मानित किया

नजीबाबाद ( चिंगारी )। सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में कक्षानुसार ग्रुप फोटो सेशन तथा छात्र-छात्राओं को उनकी विभिन्न तरह की गतिविधियों में प्रतिभाग करने पर शील्ड व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को अच्छी गतिविधियों जैसे-क्रेटिव स्टार, हेल्पिंग हैंड, शाइनिंग स्टार, रेगुलेटरी स्टार, मोस्ट इम्प्रूव्ड, बेस्ट अटेंडेंस आदि के लिए विद्यालय के एमडी विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल द्वारा शील्ड व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं में वैष्णवी, सृष्टि, अशित, दक्ष, ख्याति, नींव, अभिनव, प्रियांशी, जुकरा, विधि, हर्षित, उज्ज्वल, बुलबुल, हेमंत, अनायजा, टीना, दैविक, जतिन, प्रणव, कार्तिक, रिया, अरहमा, त्रिशा, आयुष, अनाया, अनवी, शीनू, फीटा, दिपांशु, प्रभात, वंदना, मूसा, मानव, तनिष्क, प्रिंस, नैना, गरिमा, मनि, विनय, शौर्य, हसनैन, जिकरा, अफ्फान, भूमिका, ईशू, दिव्या, ओवेस, प्रगति, तानिया, आदर्श, फरहान, माहिरा, आर्यन, कशिश, रीत, अलिशा, सुनैना, आयुषी, आदित्य, कनिका, आकाश, श्वेता, अर्शलान, आभास, अंजलि, प्रिंस, कावल आदि सभी ने अच्छे कार्यों में नाम कमाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों की उपलब्धियों के लिए विद्यालय के एमडी विनोद मित्तल व समस्त स्टाफ ने बच्चों को उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह सभी बच्चे अपने जीवन में आगे बढ़ते रहें तथा सभी बच्चों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी विनोद मित्तल ने बताया कि वे अपने विद्यालय में अपनी पूर्व प्रबंधक माताजी स्वर्गीय मालती अग्रवाल की स्मृति में पांच छात्राओं को फ्री शिक्षा रूपी छात्रवृत्ति देंगे, यह कक्षा छह से कक्षा बारह तक की छात्राओं के लिए होगा। जिसके लिए छात्राओं को कुछ शर्तों के साथ स्कॉलरशिप टेस्ट देना पड़ेगा।



# प्रमोद शर्मा को मिला राजशेखर बसु परशुराम स्मृति सम्मान



नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के एमडीएस इंटर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. प्रमोद शर्मा प्रेम को जैमिनी अकादमी की चर्चा परिचर्चा में राजशेखर बसु परशुराम स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया है। श्री शर्मा को यह सम्मान अकादमी के संचालक व सम्पादक विजेंद्र जैमिनी ने देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# बिजनौर की शान मेमन सादात





## हाथीख़ाना जैसी पुरानी इमारतें आज भी हैं

**मेमन सादात आज भी जनपद बिजनौर की तहसील नजीबाबाद और परगना किरतपुर में स्थित है, जिसकी कुल आबादी लगभग 5527 है, जिसमें कुल साक्षरता दर लगभग 46.52 प्रतिशत है। जिसमें पुरुष साक्षरता लगभग 51.53 प्रतिशत एवं महिला साक्षरता 40.87 प्रतिशत है। गांव का कुल रग्बा लगभग 415.69 हेक्टेयर है। वहीं पूरे गांव में लगभग 973 मकान आबाद है, जिसमें पुराने मकान में बड़ा इमामबाड़ा, जामा मस्जिद जो आज भी तालाब के किनारे मौजूद है, साथ ही दीवान खाना, महल, हाथीखाना जैसी पुरानी इमारतें आज भी मेमन सादात के इतिहास की गवाह हैं। मेमन सादात में इल्म का हमेशा बोलबाला रहा है यही वजह है कि आज भी विश्व पटेल पर मेमन सादात के अनेक परिवार मेमन सादात का नाम रोशन कर रहे हैं। मेमन सादात के पुराने घर महल निवासी सैयद अफ़ज़ाल अब्बास जैदी विगत 15-20 साल से चिकित्सा प्रकाशन में एक विशिष्ट स्थान रखते हैं और आपके चार प्रकाशन लगातार चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा की हजारों किताबें प्रकाशित कर चुके हैं। सैयद अफ़ज़ाल अब्बास जैदी वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ़ मेडिकल एडिटर के सदस्य भी हैं, जो एक अमेरिका स्थित संगठन है। सैयद अफ़ज़ाल अब्बास जैदी विगत 15 साल से एक स्वतंत्र पत्रकार के रूप में अनेक स्थानीय एवं राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में अनेक लेख प्रकाशित कर चुके हैं।**

**-विशेष संवाददाता**

**बिजनौर ( चिंगारी )**। आज का मेमन कब बसा और उसका नाम मेमन सादात क्यों पड़ा? इसके लिए हमें इतिहास के उन पन्नों को पलटने की जरूरत है, जो आज की युवा पीढ़ी से कोसों दूर है। आज के मेमन सादात की नींव रखी थी मुरिसे आला जनाब सैयद शाह अशरफ अली बिन सैयद आरिफ शाह बरखुरदार ने।

उन्होंने इस गांव की संगे बुनियाद रखी थी। आपका मजार आज भी मेमन सादात में स्थित जामा मस्जिद के पास तालाब के किनारे मौजूद है। इस जामा मस्जिद की तामीर भी सैयद शाह अशरफ अली ने ही की थी, जो आज भी तालाब के किनारे मेमन सादात की शान बनकर खड़ी है।



अपने पाठकों को आज हम मेमन सादात के आबाद करने वाले सैयद शाह अशरफ अली के सफर की तमाम बातें साझा करेंगे ताकि इतिहास के यह पन्नें हमारी युवा पीढ़ी के लिए भी ज्ञान का सागर बन सकें। सैयद शाह अशरफ अली के वालिद सैयद आरिफ शाह बरखुद्दार दिल्ली के बादशाह मोहम्मद तुगलक के क्षेत्र की रियासत धर्सो नवाजपुर निकट पटियाला, पूर्वी पंजाब के मालिक थे।

सैयद आरिफ शाह बहुत ही बड़े दरवेश, कामिल, मुत्तक़ी, परहेज़गार और मकबूल खास व आम थे, क्योंकि धर्सो नवाजपुर और समाना दो बड़ी शिया रियासतें थीं, इसलिए दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद तुगलक की आंखों में यह खटकती थीं और साथ ही यह रियासतें दुश्मनों के निशाने पर भी थीं।

सैयद आरिफ शाह ने मजबूर होकर तैमूर-शाह ईरान को इस हालात से बा खबर किया और साथ ही मदद भी मांगी।

तैमूर ने उनकी आवाज पर अपने लश्कर के साथ दिल्ली के करीब यूनी साहिल, दरिया ए जमुना के किनारे अपने ख़ेमे लगाए, पर जब मोहम्मद तुगलक को यह पता चला तो मोहम्मद तुगलक ने सैयद मोहसिन जो समाना के मालिक थे और सैयद आरिफ शाह जो धर्सो नवाजपुर के मालिक थे, से माफी और जुल्म को खत्म करने का वादा किया। इसके बाद सैयद मोहसिन और सैयद आरिफ शाह, तैमूर से जाकर मिले और मोहम्मद तुगलक के माफी मांगने और जुल्मों सितम ना करने के वादे से आगाह कराया।

साथ ही आप दोनों ने यह भी मंशा जाहिर की कि हम लोग ख़ून खराबे के हक में भी नहीं है। आपकी इस मोहब्बत और इंसानियत को देखकर तैमूर वापस चला गया। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही सैयद आरिफ शाह का इंतकाल हो गया और उन्हें दिल्ली में दफन कर दिया गया। सैयद आरिफ शाह के तीन बेटे थे, जिनमें मोहम्मद नवाज, सैयद हुसैन, सैयद शाह अशरफ अली थे। तीनों भाइयों में आप के उत्तराधिकारी पद की वजह से तकरार शुरू हो गई। इस तक़रार में हजरत निजामुद्दीन औलिया सैयद हुसैन के हक़ में वकील थे। मगर यह बदनसीबी रही कि किसी ने सैयद हुसैन का क़त्ल कर दिया और इस क़त्ल का पूरा इल्जाम सैयद शाह अशरफ अली पर आया। सैयद शाह अशरफ अली वहां से अकेले चल पड़े और जनपद बिजनौर के उत्तर में 18 मील के फासले पर एक जगह पर आकर रहने लगे। यह जगह एक जंगल थी और इस जंगल के पूर्व-दक्षिण की तरफ एक क़ौम क़ोबी आबाद थी, जिनके कुछ घर वहां पर मौजूद थे, साथ ही उनके घरों के पास एक बरसाती तालाब और एक मीठे पानी का कुआं भी मौजूद था। सैयद शाह अशरफ अली को यह जगह बेहद ही सुकून बख्श लगी और आप इस तालाब के किनारे ही रहने लगे। आपका ज्यादातर वक्त इबादत में ही बीतता था। आप जवान थे, पर अपनी इबादत गुजरी और मुत्तक़ी होने की वजह से सैयद शाह अशरफ अली अपने वालिद सैयद आरिफ शाह की तरह ही साहिबे करामात हो गए।

एक दिन जब आप इबादत में मसरूफ थे और भूख से भी बेहाल थे और खुद से दुआ कर रहे थे कि तभी एक पका हुआ गूलर आपके हाथ पर आकर गिरा आपने गूलर को देखकर खुदा का शुक्र अदा किया और गूलर को खा लिया। खाते-खाते आपने यह भी निश्चय किया कि अगर मैं यहां आबाद हुआ तो इस जगह का नाम मेवा-मन रखूंगा।

यही मेवा मन आगे चलकर मेमन सादात के नाम से मशहूर हुआ।



सैयद शाह अशरफ अली इबादत और अपने करामात के वजह से आसपास के इलाकों में मशहूर हो गए और उन इलाकों में उनके करामात का गुणगान शुरू हो गये।

जो आपसे मिलने आता वो मुतासिर हुए बगैर नहीं रहता था, यही वजह रही की आपसे मुतासिर होने वालों की तादाद दिन-ब-दिन बढ़ती चली गई।

निकाह के बाद सैयद शाह अशरफ अली ने एक कच्चा मकान तामीर किया, जिसका नाम गढ़ी रखा। गढ़ी में ही सैयद शाह अशरफ अली के दो बेटे पैदा हुए। एक बेटे का नाम औलादवी प्यारे और दूसरे बेटे का नाम सैयद अली रखा।

आपके बेटे औलादवी प्यारे अपने नाना ज़मान खान द्वारा तामीर महल से गिरकर अल्लाह को प्यारे हो गए। आप इस हालात से बहुत ग़मज़दा हुए और अपने बेटे को दफ़न करते वक्त यह बात अलल ऐलन कही कि आज के बाद मेरे खानदान में कोई भी पुख्ता मकान नहीं बनवाएगा, वरना उसे नुकसान पहुंचेगा, चुनानचे आज भी ख़ानदाने सैयद शाह अशरफ अली में यह आन क़ायम है। यही वजह है कि आज भी नवतामीर मकान की नींव की पहली ईंट कच्ची रखी जाती है। सैयद शाह अशरफ अली का दूसरा बेटा आपके पास रहा और परवान चढ़ने लगा, कुछ समय के बाद सैयद शाह अशरफ अली को यह इत्तेला मिली कि आप पर लगाया गया क़त्ल का इल्ज़ाम अब नहीं रहा है और क़ातिल पकड़ा गया है। चुनानचे से आप धर्सो नवाजपुर गए और वहां कुछ रोज़ रहने के बाद फिर अपने परिवार के साथ मेमन सादात वापस आ गए।

# भाजपा नेता बलराज त्यागी व मोनिका यादव को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं धामपुर नगर पालिका की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल ने भाजपा के नवमनोनीत जिला महामंत्री बलराज त्यागी एवं जिला मंत्री मोनिका यादव को उनके निवास पर जाकर शॉल, पटका एवं पुष्प गुच्छ आदि देकर सम्मानित किया। पार्टी के जिला एवं प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में आगामी 2027 के आरम्भ में होने वाले विधान सभा चुनाव में नजीबाबाद एवं जनपद बिजनौर की आठों विधान सभा में शानदार विजय प्राप्त होगी। इस अवसर पर लीना सिंघल ने जिला कार्यकारिणी में मनोनीत सदस्य ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, संदीप तायल, सुधीर भुईयार, मनीषा सैनी, जुगनेश चौधरी, विक्रांत चौधरी, विरेन्द्र शर्मा, मुकुल रंजन दीक्षित एवं नजीबाबाद नगर पालिका, साहनपुर तथा जलालाबाद नगर पंचायतों में मनोनीत सदस्यों को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला महामंत्री बलराज त्यागी ने पूर्व चेयरमैन लीना सिंघल को धन्यवाद देते हुए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया। वहीं जिला मंत्री मोनिका यादव ने भी पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर गजरौला पाईमार मण्डल अध्यक्ष वरूण आत्रे, अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष कोमल सिंह, जलालाबाद नगर पंचायत के नामित सदस्य दीपक वाल्मीकि, पूर्व जिलामंत्री इंदु त्यागी, नगर महामंत्री संजय सैनी, अमित शर्मा, अजय दास, वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा एवं राजपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।



मोनिका यादव को सम्मानित करतीं लीना सिंघल।

# सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल में हुआ री-ओपनिंग डे का आयोजन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल हल्दौर में वृहस्पतिवार को नये सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर री-ओपनिंग डे कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों की पढ़ाई से जुड़े सभी विषयों की पुस्तकों, लैब उपकरणों आदि की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद विद्यार्थियों को मदर मैरी के समक्ष ले जाकर उनका आशीर्वाद दिलाया गया। प्रधानाचार्या सिस्टर शेनेट ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम का संचालन अंकुर सर ने किया। इस अवसर पर मेहरीन मैम और रश्मि राजपूत ने विशेष प्रार्थना प्रस्तुत की, वहीं सोनी आर्या मैम ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक भाषण दिया। कार्यक्रम में मैनेजर सिस्टर फिल्बी ने भी



बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के द्वारा संपूर्ण विद्यालय का वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायक हो गया, जिससे विद्यार्थियों में नये सत्र के प्रति उत्साह देखने को मिला। सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं विद्यालय कर्मचारियों ने मदर मैरी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विद्यालय, प्रबंधन समिति और बच्चों के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के उपरांत सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई गई हेड गेवार की जयंती



**हल्दौर ( चिंगारी )।** गुरवार को डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह, जयंती प्रमुख ईशु एवं समस्त आचार्य, आचार्यों द्वारा डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया गया। जयंती प्रमुख ईशु एवं प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने हेडगेवार के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद के उपसेनापति राज चौहान भैया ने किया।

## हल्दौर ईदगाह पर ईद की नमाज सुबह 8:30 बजे व जामा मस्जिद पर 9:15 बजे होगी

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर सहित देश भर में ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे और खुशियों के साथ शनिवार को मनाया जाएगा।

इमाम ए ईदगाह मुफ्ती मुहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने जानकारी देते हुए बताया कि हल्दौर नगर की ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज सुबह ठीक 8:30 बजे अदा की जाएगी। जबकि मदीना जामा मस्जिद हल्दौर में ईद की नमाज सुबह 9:15 बजे होगी। उन्होंने सभी नमाजियों से समय से पहले ईदगाह पर पहुंचने की गुजारिश करते हुए कहा कि ईद उल फितर का त्यौहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं।

## जेपी ऑटोमोबाइल्स के स्वामी संदीप शर्मा द्वारा आज कराया जायेगा विशाल रोज़ा इफ़्तार

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में भाईचारे की अलख जलाये रखने वाले समाजसेवा में अग्रणी भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता व जेपी ऑटोमोबाइल्स के स्वामी संदीप शर्मा द्वारा आज अलविदा जुमा को विशाल रोजा इफ्तार का आयोजन किया जाएगा।



समाजसेवी संदीप शर्मा ने बताया कि नगर में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाये रखने के मकसद से गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अलविदा जुमे को उनके जेपी ऑटोमोबाइल्स हीरो शोरूम हल्दौर पर एक विशाल रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया है। उन्होंने नगर के मुस्लिम समाज के भाइयों से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में रोज़ा इफ़्तार कार्यक्रम में शिरकत फरमाकर नगर की गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारे की मिसाल को कायम रखें।

## तारापुर में सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम तारापुर में सरकारी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में शकील अहमद नामक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार ग्राम तारापुर स्थित रास्ते की भूमि, जिसका खसरा नंबर 178 और खाता संख्या 00353 है, पर कुछ लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया गया है। आरोप है कि इसराईल, अतुल, सलाउद्दीन, हाशिम, जावेद, हलीम व निसार सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा इस भूमि पर कब्जा कर निवास किया जा रहा है। शकील ने मांग की है कि यदि इन व्यक्तियों को ग्राम समाज की ओर से किसी प्रकार का पट्टा दिया गया है तो उसकी जांच कर स्थिति स्पष्ट की जाए। साथ ही यह भी जांच की जाए कि संबंधित लोग कब से इस जमीन पर रह रहे हैं और क्या उन्होंने इसके उपयोग के लिए किसी प्रकार का लगान या किराया दिया है या नहीं। शकील ने यह भी कहा है कि यदि संबंधित व्यक्ति अपनी भूमि को निजी बताते हैं, तो उसके दस्तावेजों की जांच कर प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाए। वहीं, यदि कोई वैध साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उक्त भूमि को सरकारी संपत्ति घोषित कर तत्काल कब्जामुक्त कराया जाए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि यदि राजस्व विभाग के अधिकारी निष्पक्ष जांच नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। शकील ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत की है।




# स्योहारा की प्रसिद्ध हवेली, जहां 3 हजार से अधिक गौरय्या करती हैं निवास

**अश्मनी विश्नोई**

**स्योहारा ( चिंगारी )।** विलुप्त होती गौरैया को धरोहर समझ अपना परिवार का हिस्सा बनाने वाला शेख परिवार आज गौरैया के नाम से जाना जाता है। लगभग 300 वर्ष पुरानी यह हवेली अपने आप में पर्यवरण संरक्षण के लिए जानी जाती है, जहां लगभग 3 हजार गौरैया निवास करती हैं। इस हवेली के दिन की शुरुआत गौरैया के चहचहाने से होती है। जैसे-जैसे रात गहराती जाती है, वैसे-वैसे गौरैया भी बढ़ती जाती हैं और देखते ही देखते गौरैया सो जाती हैं, जिसके बाद घर में एक





अजीब सी खामोशी छा जाती है। इस घर के सदस्य गौरैया का पालन-पोषण अपने परिवार के सदस्यों के जैसा करते हैं। नगर के मौहल्ला शेखान में मौजूद शेख अकबर हुसैन का घर अर्थात गौरैया वाली हवेली का इतिहास 300 वर्ष पुराना है और तभी से इस घर का नाता गौरैया से जुड़ा हुआ है। स्वर्गीय शेख अकबर हुसैन के बेटे जमाल शेख ने बताया कि गौरैया का नाता इस हवेली के निर्माण के बाद से ही है।

## स्योहारा को दिलाई ऐतिहासिक पहचान

*नगर का नाम यूं तो इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों से लिखा हुआ है। राजनीति, साहित्य, शिक्षा और आजादी के साथ-साथ एक और पहचान स्योहारा को मिली है। शेख जमाल बताते हैं कि गुगल पर जब कोई गौरैया वाली हवेली लिखता है तो उनके घर का पता और फोटो आ जाता है। इस हवेली के कारण नगर को एक अलग पहचान मिली है।*

## गौरैया प्रेम ने पंखे और लाइट बंद करा दी

*शेख जमाल कहते हैं कि उनके घर रोशनी रात होने पर बंद कर दी जाती है और शाम को भी हल्की रोशनी रखते हैं। एक बार एक पंखे से एक गौरैया की मौत हो गयी थी, तभी से पंखे बंद कर दिये गये। सिर्फ दरवाजे बंद होने पर ही पंखे चलने की अनुमति है।*

## केक काटकर मनाया जाता है गौरैया दिवस

*शेख जमाल बताते हैं कि गौरैया दिवस केक काटकर मनाते हैं और लोगों को प्रेरित करते हैं कि जो खाना बचता है उसे छतों पर रख दें, जिससे पक्षी आएंगे और भूख मिटाएंगें। पानी के लिए मिट्टी के कुंडे, घांसले वितरित करते हैं जिससे लोगों को प्रेरणा मिले।*

गौरैया की देखभाल के कारण उनके परिवार के सभी सदस्य कहीं भी एक साथ नहीं जा पाते। प्रतिदिन गौरैया को मौसम के हिसाब से दाना दिया जाता है।

## वसीयत में गौरैया के पालन-पोषण की शर्त

*शेख जमाल का कहना है कि उनके दादा के समय से वसीयत एक अजीब तरह से होती चली आ रही है। जब भी वसीयत होती है तो सबसे पहले गौरैया के पालन-पोषण की शर्त लगाई जाती है। शेख जमाल ने बताया कि उनके दादा ने उसके पिता को कसम खिलाई थी और उनके पिता ने उन्हें ( जमाल शेख ) को कसम खिलाई थी और अब यह कसम शेख जमाल ने अपने बेटे शेख फराज को खिलाई है।*

# 30 दिनों की बाध्यता समाप्त की जाये

इनकी भी सुनिये

शिवालिक और नन्दादेवी जहाजों में से शिवालिक 46000 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंच गया है और दूसरा लगभग उतने ही माल समेत पहुंचने वाला है। इसके अलावा सरकारी रिपोर्ट के अनुसार 28 और टैंकर जहाज रास्ते में हैं। भारतीय कूटनीति का परिणाम ही है। लेकिन मुख्य सवाल है कि क्या ये हम भारतीयों को संतुष्ट कर पायेंगे। ये घरेलू सिलेन्डरों की कमी को शायद पूरा कर दें, लेकिन क्या ये व्यवसायिक कमी को भी पूरा कर पायेंगे। अनेक प्रतिष्ठानों ने अपने यहां इसी कारण ताला डाल दिया है। अनेक ने अपने सर्विस टाइम में कमी कर दी है। अनेक ने ब्लैक में गैस मिलने की दुहाई देकर अपने उत्पादों के रेट बढ़ा दिये हैं। इसके अलावा एक माह के बाद बुकिंग करने एवं सिलेन्डर मिलने की बाध्यता ने आमजन को विवश कर दिया है। एक चारजनों के सामान्य परिवार में सिलेन्डर 20 दिन से ज्यादा चलना मुश्किल होता है। शेष 10 दिनों की व्यवस्था सोचकर वह येन-केन प्रकरेण गैस की व्यवस्था करने का प्रयास करता है, जिसका सारा दोष व्यवस्था पर ही जाता है। अत: गैस कम्पनियों की इस 30 दिनों वाले नियम के तुरन्त बदलने की आवश्यकता है। साथ ही कर्मिशियल गैस की उपलब्धता भी सुधारने की आवश्यकता है।



**– गजेन्द्र सिंह चौहान एड., नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल युवा, बिजनौर।**

# सीओ ने किया ईदगाह का निरीक्षण



शहर काजी से बात करते पुलिस क्षेत्राधिकारी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर की ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8 बजे व जामा मस्जिद में 8.30 बजे अदा की जाएगी। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह नगर की ईदगाह पहुंचे तथा शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद आमिर से जानकारी ली।

**दुकानदारों में मायूसी:-** आज जुमा अलविदा तथा कल ईद होने के कारण बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ती, जिससे दुकानदारों की ब्रिकी होती, लेकिन सुबह से बारिश होने के कारण बाजार में सन्नाटा पसरा रहा, जिससे दुकानदारों में मायूसी छा गई।



## गौरैया

आंगन की वह रौनक प्यारी,
फुदक-फुदक कर चलती थी।
तिनका-तिनका जोड़ के अपना,
छोटा सा घर बुनती थी।
छप्पर नीचे बना घोंसला,
फिर वह उसमें अंडे देती।
मीठे-मीठे गीत सुनाकर,
सबका मन मोह लेती।
मोबाइल टावर, बढ़ता शोर,
पेड़ हम ही ने काटे क्यों?
उसका घर हमने छीना,
अब शोर मचाते क्यों?
आओ मिलकर यह सोचें,
फिर से उसे बसाएं।
छत पर दाना-पानी रखें,
पेड़ लगाकर उसे बचाएं।
उसकी जान है नन्ही-सी,
देती है सबको खुशियां।
गौरैया बचेगी जब-जब,
मुस्काएगी यह सारी दुनिया।।
हमने ठान लिया है अब,
गौरैया को वापस लाएंगे।
उसकी चहक और मुस्कान से,
धरती को स्वर्ग बनाएंगे।।

**सुरेंद्र सिंह**
सहायक अध्यापक
कम्पोजिट स्कूल आसफाबाद चमन
अफजलगढ़, बिजनौर।



# उद्योग बंधु की बैठक में उठा रेलवे ओवर ब्रिज का मुद्दा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर मीटिंग हॉल, कलेक्ट्रेट में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण मुद्दों का मौके पर ही समाधान किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से नगीना रोड रेलवे ओवरब्रिज का मुद्दा उठाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब उक्त ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे विभाग द्वारा कराया जाना सुनिश्चित हो गया है। जिला महामंत्री मुनीष त्यागी ने जिला पंचायत के वसूली के रवैये पर आपत्ति जताते हुए कहा कि बिना पूर्व नोटिस के सीधे लोगों के घरों पर दबाव बनाया जा रहा है, जो उचित नहीं है। इसी क्रम में प्रांतीय संगठन मंत्री व्यापार मंडल बी.एस. राजपूत द्वारा नजीबाबाद ब्लॉक के ग्राम

## शव मार्ग के मामले का डीएम ने लिया संज्ञान




बशीरपुर के शव मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बताया गया कि 7 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी के माध्यम से इस संबंध में जिला पंचायत को पत्र प्रेषित किया जा चुका है, किन्तु जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी की लापरवाही के चलते बजट, नक्शा व सर्वे पूर्ण होने के बावजूद भी मामले को बोर्ड बैठक में नहीं रखा गया। इस पर गंभीर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी (ए.एम.ए) को तत्काल पुलिया निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कराने के निर्देश दिये।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# मंडी बंद होने से बढ़ने लगे सब्जियों के दाम

**स्योहारा ( चिंगारी )। अस्थायी सब्जी मंडी हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में आज भी मंडी में पूर्ण रूप से बंद रही, जिससे शहर में सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है और किल्लत के हालात बनने लगे हैं।**

मुरादाबाद मार्ग स्थित अस्थायी सब्जी मंडी को हटाने के विरोध में आढ़तियों और सब्जी विक्रेताओं ने आज भी मंडी पूरी तरह बंद रखी। इसका असर अब शहर के बाजारों में साफ दिखाई देने लगा है। मंडी बंद रहने से शहर में सब्जियों की उपलब्धता घटने लगी है। जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मंडी से जुड़े आढ़ती शरीफ अहमद, महेन्द्र सैनी, अशोक सैनी, ऋषिराम सैनी, हरपाल सैनी, प्रकाश सैनी, फरमान अहमद, इरफान अहमद, मुकेश सैनी, वसीम अहमद, विकास सैनी, इदरीश अहमद, जय कुमार सैनी, छोटू सैनी, सादिक अहमद, व शुभम सैनी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को विधायक अशोक कुमार राणा से मिला और अपनी समस्या रखते हुए कहा कि अचानक की गई कार्रवाई से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इस पर विधायक ने अधिकारियों से वार्ता कर फिलहाल चार दिन का समय दिलाया और आश्वासन दिया कि इस अवधि में प्रशासन और व्यापारियों के बीच समन्वय बनाकर समाधान निकाला जाएगा। वहीं आढ़तियों ने प्रशासन पर बिना पूर्व लिखित नोटिस के कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मंडी हटाने का फैसला हठधर्मिता भरा है। उन्होंने मांग की कि यदि मंडी को हटाया जाता है तो पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनका कारोबार प्रभावित न हो।

### शासन के आदेश पर कार्रवाई की गई

**सब्जी मंडी मुख्य मार्ग पर स्थित है। कई बार मंडी को हटाने की शिकायत हो चुकी है। शासन के आदेश पर सब्जी मंडी हटाने की कार्रवाई की जा रही है। आढ़तियों को अतिशीघ्र अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर लेनी चाहिए। उक्त स्थान पर मंडी लगने नहीं दी जाएगी। - अभिषेक शर्मा, मंडी सचिव, धामपुर**

### प्रशासन करे समस्या का समाधान

**मंडी को प्रशासन सुचारू रूप से खुलवाने के लिए व्यवस्था करे, सब्जी न मिलने से महगाई बढ गयी है। ऐसे मे प्रशासन को आढ़तियों से समन्वय स्थापित कर मंडी का स्थान चयन कर समाधान करना चाहिए। -प्रयुष रस्तौगी, भाजपा नेता**

### रोजी-रोटी का संकट

***मंडी बंद होने से एक और तो आढ़तियों के सामने रोजी रोटी का संकट आ गया है और वहीं सब्जी के दामों मे तेजी आ गयी है। प्रशासन को आढ़तियों को परेशान करना बंद करना चाहिए। - ऋषिराम सैनी, आढ़ती***

## कहां और कब पढ़ी जाएगी नमाज़-ए-ईदुल फ़ित्र, कर लें नोट

**अफजलगढ़/कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र में कल बरोज हफ्ता (शनिवार) को अदा की जाने वाली ईद-उल-फित्र की नमाज का मुकर्रर (निर्धारित) वक्त इस तरह है- सदर ईदगाह अफजलगढ़-सुबह 8:00 बजे, जामा मस्जिद अफजलगढ़-सुबह 8:30 बजे, ईदगाह कासमपुर गढ़ी-सुबह 9:00 बजे, ईदगाह मानियावाला -सुबह 8:30 बजे, ईदगाह सीरवासुचंद- सुबह 8:30 बजे, ईदगाह रेहड़/दहलावाला -सुबह 8:30 बजे,जामा मस्जिद रेहड़- सुबह 9:00 बजे, ईदगाह रसूलपुर -सुबह 8:30 बजे।

**- प्रस्तुति- एस एम असलम**

# मौसम का अजीब फंडा, मार्च में मौसम ठंडा

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** इस बार मौसम का फंडा समझ से परे है। पहले कहा जा रहा था कि इस बार मार्च के महीने से ही भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो जायेगा, लेकिन मौसम ने अचानक ऐसी पलटी मारी कि मार्च के दूसरे पखवाड़े में हुई बारिश से ठंडक बढ़ गयी, जिससे लोगों को गर्म कपड़े निकालने पड़े। यूं तो पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा था। लेकिन कल शाम अचानक बूंदाबांदी शुरू हो गई। आज सुबह भी



हल्की बारिश हुई। जिससे मौसम में अच्छी-खासी ठंडक हो गई। ठंडक के कारण रात से ही पंखे बंद रहे। उधर, बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत उठानी पड़ी। दुपहिया वाहनों के बजाये लोगों ने पब्लिक वाहनों से यात्रा करना उचित समझा। कुछ रास्तों पर कीचड़ फैल गई, जिन पर चलना मुसीबत बना।

### खेतों में बिछी गेहूं की फसल

*बारिश के कारण खेतों में बिछी गेहूं की फसल को नुकसान होगा। पिछले दिनों चली आंधी से तमाम खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर बिस्तर की भांति बिछ गई थी। बारिश के कारण उस फसल का उत्पादन और क्वालिटी प्रभावित होगी। गेहूं का दाना काला पड़ने की आशंका है। साथ ही दाना बारीक भी होने की आशंका है। इसे लेकर किसान काफी चिंतित हैं।*

### पावर कोल्हू, ईंट भट्टे खेती किसानी का काम बंद

*बारिश के कारण पावर-कोल्हूओं, खांडसारी इकाईयों का संचालन और खेती-किसानी का काम बंद हो गया। ईंट-भट्ठों का कार्य भी बंद हो गया। मजदूर हाथ पर हाथ धरे बैठने को मजबूर हुए। उधर बारिश से गन्ना बुआई के कार्य में विलम्ब होगा। जिन किसानों के खेत गन्ना बुआई के लिये तैयार हो गये थे, उन्हें अब पुनः खेत तैयार करने पड़ेंगे। जिन खेतों में हाल ही में गन्ना बोया गया है, उनमें गन्ने का जमाव प्रभावित हो सकता है। खेतों में गन्ने की छिलाई समेत तमाम कार्य बंद हो गये हैं। यदि बारिश लगातार जारी रहती है, तो चीनी मिल भी 'नो केन' हो सकती है।*




सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर

तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:31, शिया 6:40



शहजाद अहमद


# श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाया नवसंवत्सर

**धामपुर ( चिंगारी )।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर हिंदू नववर्ष संवत 2083 नगर में बड़े ही उल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने विश्व शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। नाट्यदीप संस्था ने श्री शिव मंदिर, गन्ना सोसायटी, रानी बाग में सायं 7 बजे दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने दीप जलाकर नववर्ष के आगमन का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र चौधरी ने भारतीय संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष केवल एक तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, नवचेतना और सकारात्मकता का प्रतीक है। यह दिन हमें अपने संस्कारों, परंपराओं और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का स्मरण कराता है। आयोजन में सुमन सिंह, दीपक कुमार भटनागर, मोनू शर्मा, त्रिलोकचंद वृषवाल, शशांक आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर नगर की अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं श्री राधा कृष्ण मंदिर धामपुर, श्री बालाजी मन्दिर में हवन, पूजा, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। डॉ. अमित गिरि जी महाराज शुभम जोशी, रजनीश गोस्वामी, आदित्य गिरि, विनीत कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर बालाजी मंदिर में हिन्दू नव वर्ष बड़े धूमधाम से मनाया।



# कुरआन एक मुकम्मल जाब्ता-ए-हयात है - मौलाना कासमी

### दिलों में ईमान की ताजगी और दीन की मोहब्बत छोड़ गई रूहानी महफिल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** माह-ए-रमजान के मुकद्दस और बरकत भरे दिनों में शहर की कदीम इबादतगाह मस्जिद आयशा रज़ि. में नमाज़-ए-तरावीह के दौरान कुरआन करीम की तकमील पर एक रूहानी और ईमान अफरोज महफिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर इलाके भर से बड़ी तादाद में नमाजी, उलमा-ए-कराम और नौजवानों ने शिरकत कर कुरआन पाक की तकमील पर खुशी और शुक्र का इज़हार किया।

तरावीह के दौरान कुरआन करीम को खुश इल्हानी और तजवीद के साथ मुकम्मल किया गया, जिससे पूरी महफिल पर रूहानी कैफियत तारी रही। जैसे ही तकमील-ए-कुरआन का ऐलान हुआ, मस्जिद अल्लाहु अकबर और दरूद-ओ-सलाम की सदाओं से गूंज उठी और कई नमाजियों की आंखें नम नजर आईं। इस मौके पर मौलाना शाह शफीक अहमद कासमी ने खुसूसी खिताब फरमाया। उन्होंने अपने बयान में कुरआन करीम की अहमियत और इंसानी जिंदगी में उसकी हिदायत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरआन एक मुकम्मल ज़ाब्ता-ए-हयात है, जो इंसान को दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी का रास्ता दिखाता है। उन्होंने खास तौर पर नौजवानों को मुखातिब करते हुए कुरआन से जुड़ने और इस्लामी उसूलों पर चलने की नसीहत की। महफिल में मौलाना असद रहीमी, मौलाना शमशीर अहमद, मौलाना मोहम्मद साजिद, कारी जमशेद आलम, कारी जिया-उर-रहमान, हाजी शरीफ अहमद, हाजी खलील अहमद, शमीम अहमद नेताजी, मुफ्ती अकील अहमद सिवहारा और मौलाना मोहम्मद अयूब कासमी समेत कई अहम् शख्सियात मौजूद रहीं। आखिर में मुल्क की सलामती, कौम की तरक्की, उम्मत-ए-मुस्लिम के इत्तेहाद और आलम-ए-इंसानियत में अमन-ओ-सुकून के लिए खुसूसी दुआ कराई गई। साथ ही मरहूमीन की मगफिरत और बीमारों की सेहतयाबी के लिए भी दुआएं मांगी गईं। नमाज़ के बाद तबर्रुक का भी इंतजाम किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह रूहानी महफिल लोगों के दिलों में ईमान की ताज़गी और दीन की मोहब्बत छोड़ गई।



# शुगर मिल ने बच्चों को पोषण पोटली वितरित कीं



धामपुर ( चिंगारी )। धामपुर शुगर मिल प्रबंधन द्वारा विकास खंड अल्हैपुर में कुंवर अशोक कुमार गोयल की प्रेरणा तथा धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता की अध्यक्षता में बाल विकास परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद चन्द्र एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती शोभा रानी की उपस्थिति में विभिन्न गांवों के कुपोषण से ग्रस्त बच्चों को पोषण पोटली का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के लगभग 33 लाभार्थी बच्चों को बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार पोषण पोटली प्रदान की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने धामपुर शुगर मिल द्वारा उठाए गए कदम की सराहना की। खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार, कुपोषण को दूर करने के लिए बृहद रूप में कार्य कर रही है। यह कार्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बाल विकास विभाग लगा हुआ है। बच्चों के पैदा होने से पहले से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा गर्भवती महिला तथा बच्चों की जांच की जाती है जब तक बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो जाता तब तक बच्चे एवं माता की देखभाल एवं आर्थिक मदद की जाती है। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल की ओर से मुकेश कश्यप, विवेक सिंह यादव, विनोद सिंह राणा, श्याम सुंदर शर्मा, स्मृति यादव, अरुण कुमार चौहान, विशेष शर्मा, अजय कुमार पांडेय, शुभम, मनीष, पप्पू, राजेश एवं वीरेंद्र सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।




# आईजीआरएस अन्तर्गत जो समस्याएं जा रहीं दोहराई अधिकारी उन पर गंभीरता से करें त्वरित कार्रवाई

## डीएम ने दिये निर्देश

धामपुर ( चिंगारी )। गुरुवार की सांय डीएम जसजीत कौर ने तहसील में पहुंचकर जन शिकायतों के साथ राजस्व से संबंधित शिकायतों की बारीकी से जांच की। तहसील दिवस में आईजीआरएस में दोहराई जा रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण के सख्त निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, फाइलों की स्थिति एवं लंबित मामलों की बारीकी से समीक्षा की। डीएम ने एसडीएम को लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी कर लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान डीएम ने राजस्व संहिता के तहत लंबित मुकदमा (विरासत, पैमाइश) समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने, पत्रावलियों को दुरुस्त एवं फाइलों को सुव्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।



डीएम जसप्रीत कौर ने अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन पर भी तहसीलदार धनराज सिंह से जवाब तलब किया। डीएम ने तहसीलदार को अधिवक्ताओं को विश्वास में लेकर राजस्व कार्यों को निष्पादित करने के निर्देश दिये। डीएम आइजीआरएस के अंतर्गत लगातार दोहराई जा रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। हिदायत दी यदि मामलों का धरातल पर निस्तारण नहीं किया जाता है तो कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। आईजीआरएस की समस्याओं पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर एसडीएम स्मृति मिश्रा, तहसीलदार धनराज सिंह, नायब तहसीलदार राजकुमार आदि मौजूद रहे।



# नामित सभासदों को शपथ ग्रहण कराई

धामपुर ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद धामपुर में शासन द्वारा नामित पांच सदस्यों सर्वश्री प्रदीप कुमार, सोनू वाल्मीकि, संदीप सैनी, तनुज चौहान, सरदार सतमीत सिंह मनी, श्रीमती रतिका अग्रवाल को नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौ. रवि कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। इस मौके पर अनेक गणमान्य नागरिक व पालिका स्टाफ मौजूद रहा।




# शिविर के समापन पर दिया जल ही जीवन का संदेश



समारोह का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या।

धामपुर ( चिंगारी )। आरएसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह ग्राम सरकड़ा चकराजमल में प्रो रश्मि शर्मा रावल की अध्यक्षता व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दिन की थीम 'जल जीवन मिशन' पर आधारित रही। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक राजाराम एवं प्रीत कुमार चौहान ने किया। जल संरक्षण के महत्व को दर्शाते हुए प्राचार्या द्वारा कलश में जल अर्पित कर 'जल जीवन मिशन' का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नशामुक्ति पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति समूह गीत, स्वच्छ भारत पर समूह नृत्य, मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक, 'जलवा' गीत पर समूह नृत्य, महंगाई पर लोकगीत तथा 'संदेशे' गीत पर समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में टीम सौरभ सेनी विजेता रही, जबकि रस्साकशी में प्रीत कुमार चौहान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

नशामुक्ति पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भगत सिंह ग्रुप, द्वितीय स्थान इंकलाब ग्रुप तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप एवं आजाद ग्रुप को मिला। मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंकलाब ग्रुप, द्वितीय भगत सिंह ग्रुप तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप एवं आजाद ग्रुप को प्राप्त हुआ। सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम सौरव, द्वितीय रितिक चहल एवं तृतीय राजकुमार सिंह रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम संयुक्त रूप से शिव बहादुर एवं राजाराम, द्वितीय संयुक्त रूप से देव राजपूत एवं नितिन मौर्य तथा तृतीय संयुक्त रूप से सचिन पाल एवं आकाश शाक्य रहे। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्रो. ओ. पी. मौर्य, डॉ. आकाश, डॉ. अनिल यादव, डॉ राजेंद्र चौधरी, डॉ. धनीराम, लाखन सिंह की उपस्थिति रही।

# सीएम धामी ने जाना एम्स में भर्ती सतपाल महाराज का हाल-चाल

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में तबियत बिगड़ने के कारण भर्ती कराये गये राज्य के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के स्वास्थ्य में सुधार है। कल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एम्स पहुंचकर उनका हालचाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की। राज्य के पर्यटन और सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज को श्वांस संबन्धी शिकायत के कारण एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया था। आवश्यकता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू वार्ड में शिफ्ट किया जंहा मेडिसिन विभाग के हेड प्रो. रविकांत के सुपरविजन में डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी बनाए हुये है। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एम्स पहुंचकर महाराज का हाल-चाल जाना और चिकित्सकों से इलाज व स्वास्थ्य की स्थिति के बावत जानकारी हासिल की। इस दौरान संस्थान की



चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री व इलाज कर रहे चिकित्सकों की टीम ने सीएम को बताया कि महाराज के स्वास्थ्य में काफी सुधार है और वह पहले से बेहतर हैं। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य लाभ ले रहे महाराज से भी बातचीत की और उनके शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान सीएम के साथ क्षेत्रीय विधायक प्रेमचन्द अग्रवाल, महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल, संस्थान के उप निदेशक (प्रशासन) ले. कर्नल गोपाल मेहरा सहित पीआरओ श्रीलोय मोहन्ती व स्थानीय पुलिस-प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे। उधर संस्थान की चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी सत्या श्री ने बताया कि उन्हें थोड़ा निमोनिया की शिकायत है, लेकिन सभी वायटल सामान्य हैं और अन्य सभी रिपोर्टें सामान्य होने के कारण हालत में लगातार सुधार हो रहा है।

## परेशानी का सबब बने निराश्रित गौवंश और आवारा कुत्ते

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में इन दिनों बेसहारा गौवंश और आवारा कुत्ते आम जन के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। एक ओर जहां बेसहारा गौवंश आम जन पर हमलावर होने के साथ ही उनकी फसलों को भी नष्ट कर रहा है, वहीं आवरा कुत्तों का झुंड भी आम जन के लिए परेशानी खड़ा कर रहा है। बालासौड़ निवासी किसान नेता पातीराम ध्यानी की ओर ओर से उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि चार दिन पहले बालासौड़ में एक राहगीर पर बेसहारा सांड ने हमला कर घायल कर दिया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। निगम के लगभग सभी वार्डों में बेसहारा पशुओं का झुंड दिखाई दे रहा है। वहीं अपर कालाबड़ निवासी जी के बड़थ्वाल ने बताया कि क्षेत्र के गली-मोहल्लों में लावारिस कुत्तों के झुंड आमजन पर खतरा बन मंडरा रहे हैं। कुत्तों के हमलों में घायल लोग रोजाना ही अस्पताल में टीकाकरण और उपचार कराने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने इस संबध में नगर निगम प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की है।

## हिन्दू नववर्ष पर चैलूसैण में निकाली गई कलश यात्रा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हिंदू नववर्ष के आगमन पर यमकेश्वर भाजपा से जुड़ी वरिष्ठ नेत्री डॉ. मीरा रतूड़ी की ओर से चैलूसैण में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की कीर्तन मण्डलियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर सम्पर्क प्रमुख श्रीकांत व महिमा के कविता पाठ व ओजस्वी विचारों ने सभी महिलाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

डॉ. मीरा रतूड़ी ने कहा की हमारी सनातन धर्म और संस्कृति दोनों बहुत गूढ़ और प्रगाढ़ हैं। हमारी सनातन संस्कृति में नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि से प्रारम्भ होता हैं। मौके पर सभी प्रदेशवासियों के हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जाखणीखाल मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह बिष्ट, महिला मोर्चा की द्वारीखाल मंडल अध्यक्ष विनीता रावत व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी मंडल स्तरीय अधिकारियों सहित वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### योग और हवन से किया हिन्दू नववर्ष का स्वागत

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से हिंदू नव वर्ष का स्वागत योग व हवन से किया गया। टाटा परिसर में पंडित रमाकांत कुकरेती के नेतृत्व में आयोजित हवन में सदस्यों ने प्रदेश व देश में सुख शांति की कामना की। तत्पश्चात उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल, स्थानीय पार्षद आरती खर्कवाल,विजय भाटिया, सी पी नैथानी और रजनी अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आईएचएमएस के 30 छात्रों का 'युवा आपदा मित्र योजना' प्रशिक्षण हेतु चयन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस), कोटद्वार के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के 30 छात्रों का चयन 'युवा आपदा मित्र योजना' के अंतर्गत 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) द्वारा देहरादून में 22 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।



आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेते आईएसएमएस के छात्र।

इस योजना का उद्देश्य युवाओं को आपदाओं के समय प्रथम प्रतिक्रिया देने वाले के रूप में तैयार करना है, ताकि वे बाढ़, भूकंप, भूस्खलन एवं अन्य आपात स्थितियों में प्रभावी सहायता प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान चयनित छात्रों को एसडीआरएफ के विशेषज्ञों द्वारा खोज एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन संचार एवं संकट प्रतिक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनकी क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

इस उपलब्धि पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण त्रिपाठी एवं सहायक प्रवक्ता राहुल जोशी ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्रों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज सेवा की भावना को भी सशक्त बनाएगा।

## महाविद्यालय में 29 मार्च को होगा पीटीए का गठन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में 29 मार्च को सत्र 2025-26 हेतु नए अभिभावक शिक्षक संघ का गठन किया जाना है। संघ के गठन के लिए महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का उपस्थित होना अनिवार्य है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डी एस नेगी ने बताया कि पीटीए के गठन के लिए अनिवार्य प्रपत्र सचिव, पीटीए डॉ. विनोद सिंह से प्राप्त कर एवं प्रपत्र में पूर्ण जानकारी भर कर 28 मार्च तक चित्रकला विभाग में जमा कराना आवश्यक है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## लोक संस्कृति की झलक के साथ आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा राज्य अतिथि गृह

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व मुख्य सचिव के दिशा-निर्देशों में राज्य की अतिथि सुविधाओं को आधुनिक और आकर्षक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

इसी क्रम में राज्य अतिथि गृह सर्किट हाउस एनेक्सी देहरादून में नवीनीकरण कार्य को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की अध्यक्षता आवास व राज्य संपत्ति सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने की।

निरीक्षण के दौरान यह तय किया गया कि सर्किट हाउस एनेक्सी को केवल मरम्मत तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक सुविधाओं के समन्वय के रूप में विकसित किया जाएगा। विशेष रूप से मीटिंग हॉल के संपूर्ण नवीनीकरण के साथ उसकी दीवारों पर राज्य की लोक संस्कृति को दर्शाने वाली पेंटिंग्स लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे यहां आने वाले अतिथियों को प्रदेश की समृद्ध परंपरा की



झलक मिल सके। नवीनीकरण कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में मुख्य भवन के कक्ष संख्या 1 से 12 तक (भूतल के 1 से 6 और प्रथम तल के 7 से 12) का कायाकल्प किया जाएगा। इसके साथ ही डोरमैट्री के भूतल पर स्थित कक्ष संख्या 19 से 22 तक के चार कमरों का भी नवीनीकरण किया जाएगा। इन कमरों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के साथ उनकी आंतरिक साज-सज्जा को भी बेहतर बनाया जाएगा। द्वितीय चरण में गेस्ट हाउस परिसर में उपलब्ध स्थान का उपयोग करते हुए इसके विस्तार की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, गेस्ट हाउस में ठहरने वाले अतिथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए गद्दों की खरीद और प्रत्येक कक्ष में डीटीएच कनेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**




सभी ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों को

## ईद-उल-फितर

की दिली मुबारकबाद



**अहसान अली**

अहसान मेडिकल स्टोर
ग्राम मंडावली, ब्लॉक नजीबाबाद

सभी ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों को ईद-उल-फ़ितर की दिली मुबारकबाद



**शाहबुद्दीन मकरानी उर्फ साबू**

जिला पंचायत सदस्य पद हेतु संभावित प्रत्याशी वार्ड नं. 2

जिला प्रभारी- आजाद समाज पार्टी
ग्राम मण्डावली, ब्लॉक नजीबाबाद




सभी ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्र और ईद-उल-फ़ितर की दिली मुबारकबाद



**मुजाहिद अली मकरानी**
प्रत्याशी ग्राम प्रधान



**जैनुल मकरानी**
( समाजसेवी )

ग्राम पंचायत मण्डावली, ब्लॉक नजीबाबाद

सभी क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों को चैत्र-नवरात्र और ईद-उल-फ़ितर की दिली मुबारकबाद



**फुरकान ठेकेदार**

प्रदेश उपाध्यक्ष- भाकियू ( भानु )
ग्राम सिकरोड़ा, ब्लॉक नजीबाबाद ( बिजनौर )

सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

**अकील अंसारी**

जिला उपाध्यक्ष बसपा

प्रदेश प्रभारी/प्रदेश प्रवक्ता भाकियू हिन्द चांदपुर



हमारी सनातन संस्कृति का परिचायक चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2083 भारतीय नववर्ष व चैत्रीय नवरात्र एवं ईद-उल-फ़ित्र की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

**श्रीमती निर्देश शर्मा**

प्रधानाचार्या



जनता शिशु विद्या मंदिर
जूनियर हाईस्कूल
खासपुरा, बिजनौर



स्व. बाबू अ. हफीज

## दफ्तरी ख़ानदान

की ओर से
आप सभी को खुशियों के त्यौहार
ईद-उल-फ़ित्र की दिली मुबारकबाद



**मो. शाद**

सुपौत्र- पूर्व प्रधान मरहूम बाबू अब्दुल हफीज
कासमपुर गढ़ी

सभी ग्राम वासियों, छेत्र वासियों को ईद उल-फितर की दिली मुबारकबाद



**अल्तमस अंसारी**

पुत्र जहीर आलम
ग्राम मंडावली, ब्लॉक नजीबाबाद




## अल्हम्द एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी

मानियावाला ( बिजनौर )

की जानिब से आप सभी को

ईद-उल-फ़ितर

की दिली मुबारकबाद



मिनजानिब
**क़ारी मौ. कासिम**
सदर

मो. फरीद, मौ. इमरान, कारी अब्दुल्ला, कारी शुऐब, मौ. शानू, मौ. रिजवान, मौ. जीशान, मौलाना मौ. आजम।


समाजवादी पार्टी परिवार सहित आप सभी को
चैत्रीय नवरात्र-नवसंवत्सर एवं ईद-उल-फ़ित्र
की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभाकांक्षी- अतुल शर्मा
राष्ट्रीय सचिव- समाजवादी पार्टी (यूथबिग्रेड)
निवास- मुरलीवाला


सम्मानित किसान-मजदूर भाइयों, प्रिय क्षेत्रवासियों समेत
आप सभी को भाकियू (तोमर) परिवार की ओर से
नवसंवत्सर-चैत्रीय नवरात्र
ईद-उल-फ़ित्र
की हार्दिक शुभकामनाएं/
दिली मुबारकबाद
मिनजानिब मौ. रिज़वान
उपाध्यक्ष- पश्चिमी उ.प्र. (युवा)
भारतीय किसान यूनियन (तोमर)
कार्यालय- पुलिस चौकी के सामने,
बस स्टैंड, कासमपुर गढ़ी


ग्राम पंचायत मानियावाला के सम्मानित बुजुर्गों, भाइयों, बहनों,
युवाओं, प्यारे बच्चों समेत सभी क्षेत्रवासियों को
चैत्रीय नवरात्रि-हिंदू नववर्ष
एवं खुशियों भरे त्यौहार
ईद-उल-फ़ित्र की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं दिली मुबारकबाद
मिनजानिब
तसव्वर कुरैशी
ग्राम प्रधानपति
ग्राम पंचायत- मानियावाला


सभी सम्मानित हिन्दू भाइयों को
चैत्रीय नवरात्र
की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं अहले वतन को हमारी जानिब
से खुशियों भरा त्यौहार
ईद-उल-फ़ित्र
की दिली मुबारकबाद
मिनजानिब
शरीफ़ कस्सार
अध्यक्ष- व्यापार मण्डल कासमपुर गढ़ी
विधानसभा अध्यक्ष- समाजवादी पार्टी (अ.मो.) बढ़ापुर
भावी प्रत्याशी- जिला पंचायत सदस्य,
वार्ड नं. 2 (अफजलगढ़)


कासमपुर गढ़ी/सीरवासुचन्द/मानियावाला व आसपास के इलाके की
काबिल-ए-अहतराम अवाम समेत अहले वतन को खुशियों भरा त्यौहार
ईद-उल-फ़ित्र
की दिली मुबारकबाद
मिनजानिब- फ़ैज अकरम
डायरेक्टर
+ एशियन हॉस्पिटल
फ़िज़ियोथेरेपी सेन्टर एवं
जच्चा-बच्चा केंद्र
बस स्टैंड रोड,
कासमपुर गढ़ी